● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 117, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 04 जून 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

एग्जिट पोल हवा-हवाई है : शशि थरूर 5

गौतम गंभीर ने तोड़ी चुप्पी, बोले ये सम्मान... 6

मप्र में मतगणना की सभी तैयारियां पूर्ण : अनुपम

मतगणना स्थल पर कूलर, पंखे, एम्बुलेंस, ठंडा पानी सहित किए गए हैं व्यापक इंतजाम

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि मध्यप्रदेश लोकसभा निर्वाचन 2024 में 29 संसदीय क्षेत्रों की मतगणना 52 जिला मुख्यालयों पर 4 जून 2024 को सुबह 8.00 बजे से होगी। 29 रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) मुख्यालय में पोस्टल बैलेट की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। इसके बाद यहां सुबह 8:30 बजे से ईव्हीएम से मतगणना प्रारंभ होगी। 23 जिलों में ईव्हीएम से मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मतगणना के लिए सभी इंतजाम किए जा चुके हैं। सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गये हैं। मतगणना के दिन शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

तेज गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर ठंडा पानी, एसी, कूलर, पंखे, मेडिकल किट, एम्बुलेंस, अस्थाई अस्पताल, अग्नि शमन यंत्र, फायर ब्रिगेड सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं।

मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केवल अधिकृत पासधारी व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति मतगणना सेंटर पर प्रवेश नहीं करेगा। आयोग के निर्देशानुसार बनाए गये कक्षों में ईव्हीएम तथा पोस्टल बैलेट की मतगणना होगी। मतगणना कर्मियों का त्रि-स्तरीय रेण्डमाईजेशन होगा। प्रथम एवं द्वितीय स्तर का रेण्डमाईजेशन हो चुका है। तृतीय रेण्डमाईजेशन 4 जून को सुबह 5 बजे प्रेक्षक की उपस्थिति में किया जायेगा। आयोग द्वारा 29 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए 116 प्रेक्षक नियुक्त किये गये हैं, जो जिलों में पहुंच चुके हैं।

सेवा निर्वाचकों के पोस्टल बैलेट डाक से प्राप्त हो रहे हैं। मतगणना केन्द्र पर सुबह 8 बजे के पूर्व तक प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलेट पेपर को गणना में शामिल किया जायेगा। मीडिया कर्मियों के लिए मतगणना केन्द्र पर पृथक से मीडिया सेन्टर बनाया गया है, जहां पर टेलीफोन, कम्प्यूटर, प्रिन्टर, कैलकुलेटर एवं इंटरनेट आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मीडिया कर्मियों के लिए आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं। ईवीएम की मतगणना टेबल पर एक काउंटिंग सुपवाईजर, एक काउंटिंग असिस्टेंट, एक काउंटिंग स्टॉफ तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर रहेगा। इसी प्रकार पोस्टल बैलेट की गणना टेबल पर एक सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, एक काउंटिंग सुपरवाईजर, दो काउंटिंग असिस्टेंट तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर रहेगा। ईवीएम/ पोस्टल बैलेट की टेबल पर अभ्यर्थी के काउंटिंग एजेन्ट रहेंगे। इनके बैठने के क्रम में (1) मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दल, (2) ऐसे मान्यता प्राप्त अन्य राज्यों के राज्यीय दल जिन्हें उस लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव चिन्ह नियत किया गया है, (3) अमान्यता प्राप्त रजिस्ट्रीकृत दल एव (4) निर्दलीय रहेगा। स्ट्रॉंग रूम से मतगणना हॉल तक मशीनें पहुंचाने के लिए विधानसभा सेगमेंट वार बैरिकेडिंग एवं कलर कोडिंग की व्यवस्था रहेगी, जिसका सीसीटीवी कवरेज होगा। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी।

भाजपा करेगी क्लीन स्वीप या कांग्रेस की बचेगी लाज, आज होगा निर्णय

भोपाल। चार जून मंगलवार को देश के साथ-साथ मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के चुनाव के परिणाम सामने आ जाएंगे। इसमें भाजपा क्लीनस्विप करके इतिहास बनाती है या कांग्रेस लाज बचाने में सफल होती है, यह साफ हो जाएगा। 1991 से लेकर अब तक हुए लोकसभा चुनाव में कभी किसी दल ने सभी सीटें नहीं जीती हैं।

भाजपा का दावा है कि इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड जीत होगी और भाजपा प्रदेश की सभी 29 सीटें जीतेगी। छिंदवाड़ा में भी कमल खिलेगा। पिछले चुनाव में कांग्रेस को एकमात्र छिंदवाड़ा लोकसभा सीट ही 37, 536 मतों के अंतर से जीती थी। कांग्रेस का अनुमान है कि उसे छह सीटें मिल सकती हैं।

कांग्रेस ने इस बार 27 सीटों पर चुनाव लड़ा है। इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन नाम वापस ले लिया था। इससे वहां कांग्रेस की चुनौती समाप्त हो गई थी। वहीं, खजुराहो सीट पार्टी ने समझौते के तहत समाजवादी पार्टी को दी थी। पार्टी ने मीरा यादव को प्रत्याशी बनाया पर उनका नामांकन निरस्त हो गया और फिर कांग्रेस ने आइएनडीआइए गठबंधन की सहयोग आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक पार्टी के आरबी प्रजापति को साझा प्रत्याशी घोषित किया गया था।

तमाम सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल भाजपा की प्रचंड जीत की संभावना जता रहे हैं। कुछ एजेंसियों ने 29 में से सभी 29 सीटें भाजपा के खाते में जाने का अनुमान लगाया है। यदि ऐसा होता है तो प्रदेश में इतिहास बन जाएगा क्योंकि अभी तक ऐसी स्थिति कभी नहीं बनी है। परिसीमन के बाद हुए चार लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सर्वाधिक 28 सीटें 2019 के चुनाव में जीती थीं।

तब कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली छिंदवाड़ा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ ने पार्टी की लाज बचा ली थी। इस बार भी उन्हें कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा है। यहां पूरा चुनाव कमल नाथ ने लड़ा और सहानुभूति का कार्ड खेला। हालांकि, भाजपा ने उन्हें घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रोड शो किया और रात्रि विश्राम कर मैदानी जमावट जमाई।

इसी तरह राजगढ़ सीट पर भी सबकी नजर है। यहां से 33 वर्ष बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने लोकसभा का चुनाव लड़ा है और पदयात्रा करके जीवंत संपर्क बनाने का प्रयास किया।

दिल्ली से झांसी जा रही चलती ट्रेन में लगी आग

धूं-धूंकर जलते कोच का वीडियो आया सामने

नई दिल्ली। नई दिल्ली से चलकर झांसी जा रही ताज एक्सप्रेस में दिल्ली से चलने के बाद भीषण आग लग गई, जिससे चंद मिनट में ट्रेन के तीन कोच आग का गोला बन गए। गनीमत रही कि समय रहते यात्री ट्रेन से उतर गए।

ताज एक्सप्रेस सोमवार को अपने निर्धारित समय सुबह 6.55 बजे के स्थान पर 8.30 घंटे की देरी से दोपहर 3.28 बजे रवाना हुई थी। ट्रेन जब 4.09 बजे ओखला स्टेशन पास कर रही थी तो इसी बीच ट्रेन के डी-3 कोच में आग लग गई। जिससे यात्रियों में भगदड़ मच गई। यात्रियों ने ट्रेन को चेन

पुलिंग कर रोका और लगेज छोड़कर ट्रेन से उतर गए। आग इतनी विकराल थी कि 10 मिनट के भीतर ट्रेन के डी-2, डी-3 और डी-4 कोच धूं-धूंकर चलने लगे। ट्रेन में मौजूद टिकिट चेकिंग स्टाफ डिप्टी सीटीआई झांसी पीयूष हयारण ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन, भड़की आग के सामने उनका प्रयास बोना साबित हुआ। जिसके बाद उन्होंने तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना देकर घटना से अवगत कराया। अग्निकांड में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग का कहना है कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। दमकल कर्मियों ने कड़ी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। वहीं इस घटना के बाद इस रूट पर करीब चार ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है।

विपक्ष एक भी सीट लायक नहीं : उमा भारती

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के एग्जिट पोल के बहाने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि देश का विपक्ष एक भी सीट के लायक नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैंने आज सबेरे एक्स पर कहा कि मेरे अनुमान में एनडीए की 450 से कम सीटें नहीं आएंगी। उन्होंने आगे लिखा कि उसके दो कारण हैं। इस विपक्ष को जमींदोज होकर नए विपक्ष को उदित होना ही भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करेगा।

लालू का दावा, कहा- चौंकाने वाला रिजल्ट देने जा रहा है इंडी गठबंधन, फिर से आ रही जनता की सरकार

पटना। चार जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आ रहा। इससे पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बड़ा दावा किया है। लालू प्रसाद ने कहा कि बिहार में और देश में फिर से जनता की सरकार आ रही है। इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चौंकाने वाले रिजल्ट देकर जा रहा है। सारे मनोवैज्ञानिक प्रोपेगेंडा धरे के धरे रह जाएंगे, जनता के साथ मिलकर हम जनता की सरकार बनाएंगे। उन्होंने इंडी गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि हम जनता के मत की रक्षा कर सकें और झूठ के खिलाफ सत्य की इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचा सके। तो साथियों होशियार रहना है, चौकन्ना रहना है, एक-एक

वोट की गिनती सजगता के साथ करानी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर राजद सुप्रीमो ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में आपने जिस तरह से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में जमकर मतदान किया। इसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभारी हूं। मैं आभारी हूं इंडी गठबंधन और राष्ट्रीय जनता दल के एक-एक कार्यकर्ता का जिसने चुनाव के दौरान भीषण गर्मी की परवाह किए बिना पूर्ण मनोयोग के साथ संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने आगे लिखा कि साथियों, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो मुहीम हमने शुरू की थी उसको अभी मंजिल पर पहुंचाना बाकी है, जनता ने अपना मत इंडिया गठबंधन की विजय के तौर पर दे दिया है लेकिन इस जनमत को सुरक्षित परिणाम तक पहुंचाना हमारा दायित्व है, इसलिए बिना रुके, बिना थके मतगणना स्थल पर जोश, उमंग और उत्साह के साथ सक्रिय रहें और सुनिश्चित करें कि बिहार की जनता का दिया एक-एक मत सुरक्षित रहे जिससे कि हमारा लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण भी सुरक्षित रह पाए।

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को मिला अंतर्राज्यीय व्यापार का लाइसेंस

भोपाल। विद्युत नियामक आयोग ने मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को राज्य में विद्युत व्यापार के लिए श्रेणी-ई के अंतर्गत अंतर्राज्यीय व्यापार लाइसेंस देने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी द्वारा ट्रेडिंग लाइसेंस के अनुदान के लिए पात्रता मानदंड, ट्रेडिंग लाइसेंसधारी के कर्त्तव्य, नियम व शर्तें विनियम 2004 में निर्दिष्टि सभी तकनीकी और वित्तीय मानदंडों को पूरा किया है।

सेना की युवा छवि बनाए रखना उद्देश्य, सीडीएस चौहान बोले- प्रशिक्षण पर ध्यान दें अग्निवीर

नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि अग्निपथ योजना का उद्देश्य सेना की युवा छवि को बनाए रखना है। तीनों सेनाओं में युवा छवि बनाए रखने की दिशा में यह योजना प्रमुख सुधारों में से एक है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रविवार को ओडिशा स्थित भारतीय नौसेना की प्रमुख प्रशिक्षण सुविधा आईएनएन चिल्का में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सीडीएस चौहान ने अग्निवीरों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना का कार्यान्वयन कुशल, अनुशासित और प्रेरित युवाओं को प्रदान करके सेवाओं और राष्ट्र निर्माण में युवा प्रोफाइल बनाए रखने की दिशा में प्रमुख सुधारों में से एक रहा है। उन्होंने अग्निवीरों से तकनीकी रूप से कुशल समुद्री योद्धा बनने के लिए प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सीडीएस चौहान ने प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे का दौरा भी किया। इस दौरान उन्होंने नौसेना में अग्निवीर प्रशिक्षण के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने सुविधा में उच्च मानकों का प्रशिक्षण प्रदान करने और समुद्री योद्धाओं की अगली पीढ़ी को आकार देने के लिए नौसेना की सराहना की।

चुनाव परिणामों से पहले बाजार में बहार

नई दिल्ली। एग्जिट पोल के अनुमानों के बाद शेयर बाजार ने रिकॉर्ड छलांग लगाई है। सोमवार को सेंसेक्स 2500 अंकों से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। दूसरी ओर, निफ्टी 23250 के पार पहुंच गया। बैंक निफ्टी पहली बार 50000 के आंकड़े को पार कर गया। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन रिकॉर्ड तेजी के बाद सेंसेक्स 2,507.47 (3.39%) अंक उछलकर 76,468.78 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 733.21 (3.25%) अंक मजबूत होकर 23,263.90 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपये में भी डॉलर के मुकाबले पिछले पांच महीनों यानी दिसंबर 2023 के बाद की सबसे बड़ी छलांग दिखी। रुपया सोमवार को 28 पैसे या 0.4% की बढ़त के साथ 83.1425 रुपये पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के दौरान रुपया 82.9575 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। सोमवार को सेंसेक्स के 30 शेयरों में 27 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। महज तीन शेयर ही लाल निशान पर बंद हुए।

एग्जिट पोल में भाजपानीत राजग की भारी जीत की भविष्यवाणी के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 3 प्रतिशत से अधिक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए एग्जिट पोल में भाजपा नीत राजग की भारी जीत का अनुमान लगाया गया है। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,507.47 अंक या 3.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,468.78 अंक की नई ऊंचाई पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 2,777.58 अंक या 3.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,738.89 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा। दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733.20 अंक यानी 3.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,263.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 808 अंक या 3.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,338.70 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसी आईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक जैसे ब्लूचिप शेयरों में तेज तेजी से सेंसेक्स अब तक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। जीडीपी के मजबूत आंकड़ों ने भी इक्विटी बाजारों में उछाल को जोड़ा। अदाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में सोमवार को भी तेज तेजी जारी रही और इस दौरान अदाणी पावर का शेयर करीब16 फीसदी चढ़ गया।

इंदौर में हुई झमाझम बारिश, तापमान भी गिरा, लोगों को मिली राहत

इंदौर। इंदौर में सोमवार को कुछ देर हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिला दी। सुबह से गर्मी और उमस के बाद दोपहर में दो बजे कई क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। नौतपा खत्म होते ही इंदौर के कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई तो कहीं-कहीं बादल छा गए। इसके बाद ठंडी तेज हवाओं ने पूरे शहर को राहत दे दी। तापमान में भी बड़ी गिरावट आई। सोमवार को दिन का तापमान 40.1 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में तीन दिनों से दिन का तापमान 40 डिग्री के आसपास

ही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। इस बार इंदौर ने रिकॉर्ड गर्मी झेली। मई के महीने में पारा 44 डिग्री के पार गया और लू की वजह से लोग लंबे समय तक घरों में ही कैद रहे। सोमवार को हुई बारिश ने शहर के अधिकांश हिस्सों में ठंडक घोल दी।

झरोखा

मनीष सिसोदिया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, हाईकोर्ट के फैसले को दी चुनौती

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया ने शराब नीति घोटाला के संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सिसोदिया ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में अपनी जमानत याचिका खारिज करने के हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। जस्टिस अरविंद कुमार और संदीप मेहता की पीठ मंगलवार को सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। हाई कोर्ट ने 21 मई को शराब घोटाले के संबंध में ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज अलग अलग मामलों में उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि यह मामला उनके (सिसोदिया) द्वारा सत्ता के दुरुपयोग और जनता के विश्वास के उल्लंघन से जुड़ा है। उन्होंने कहा, सिसोदिया का आचरण लोकतांत्रिक सिद्धांतों के साथ बड़ा विश्वासघात है। हाई कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया दिल्ली सरकार में एक बहुत ही शक्तिशाली व्यक्ति थे। उनके पास 18 विभाग थे, जिसमें आबकारी विभाग भी शामिल था। उन्हें दिल्ली में नई आबकारी नीति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पिछले साल 26 फरवरी को शराब घोटाले में शामिल होने के आरोप में सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई की तरफ से दर्ज एफआईआर के बाद नौ मार्च 2023 को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया।

इंतजार करिए, नतीजे हमारी उम्मीद के मुताबिक ही होंगे

एग्जिट पोल के बाद सोनिया गांधी का पहला बयान

नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के परिणाम कल यानी चार जून को जारी किए जाएंगे। इससे पहले आए एग्जिट पोल्स में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनने का अनुमान जताया गया है। इन पोल्स में विपक्षी गठबंधन को 150 के आसपास सीटें मिलने का दावा किया गया है। इस बीच कांग्रेस संसदीय समिति की अध्यक्ष सोनिया गांधी का बयान सामने आया है। एग्जिट पोल्स के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमें इंतजार करना होगा। बस इंतजार करें और देखें। हमें पूरी उम्मीद है कि नतीजे एग्जिट पोल के नतीजों से बिल्कुल उलट होंगे।

आज यानी मंगलवार को घोषित होने वाले नतीजों से उनकी उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर सोनिया गांधी ने कहा कि हमें इंतजार करना होगा। नतीजे एग्जिट पोल में दिखाए गए नतीजों से बिल्कुल उलट होंगे। दरअसल, सोनिया गांधी डीएमके कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची थीं। यहां से निकलते वक्त उन्होंने यह टिप्पणी की। इससे पहले सोनिया गांधी ने डीएमके के दिग्गज नेता एम. करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

दरअसल, ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने अनुमान जताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार

तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को लोकसभा चुनावों में भारी बहुमत मिल सकता है। कुछ एग्जिट पोल्स ने तो एनडीए को 400 से अधिक सीटें दी हैं, जबकि अधिकांश ने अनुमान जताया है कि भाजपा नीत गठबंधन 350 से अधिक सीटें जीतेगा। यह आंकड़ा सरकार बनाने के लिए जरूरी 272 सीटों के बहुमत के आंकड़े से काफी अधिक है। इन्हीं पोल्स में कांग्रेस और अन्य इंडिया ब्लॉक पार्टियों को 150 के आसपास सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। विपक्ष ने एग्जिट पोल्स को खारिज करते हुए दावा किया है कि ये सर्वे काल्पनिक हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा था कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता है, बल्कि इसका नाम मोदी मीडिया पोल है। यह मोदी जी का पोल है, यह उनका काल्पनिक पोल है। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि इंडिया ब्लॉक 295 सीटें जीतेगा और सरकार बनाएगा। इससे पहले करुणानिधि की 100वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि करुणानिधि की 100वीं जयंती के अवसर पर डीएमके के अपने सहयोगियों के साथ यहां आकर मुझे खुशी हो रही है। मुझे कई मौकों पर उनसे मिलने, उनकी बातें सुनने और उनके ज्ञान और सलाह से लाभ उठाने का सौभाग्य मिला। मैं उनसे मिलकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस करती थी। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं।

परियोजनाओ के निर्माण कार्य में लायें सक्रियता : कलेक्टर

जल संरक्षण के लिए जिले के मे स्थित तालाबो, बावड़ी, जल स्श्रोतो की कराएं सफाई

सिंगरौली। जिले की निर्माणाधीन परियोजनाओ के कार्यो में सक्रियता लाये ताकि समय पर निर्माण कार्यो को पूर्ण किया जा सके साथ ही जिले में जल संरक्षण के लिए पुराने तालाबो, बावड़ी, कुओ आदि की जन भागीदारी के माध्यम से साफ सफाई कराएं। जाये उक्त आशाय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियो को दिया गया।

कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी अपने अपने विभागो से संबंधित निर्माण कार्य परियोजनाएं के कार्यो में सक्रियता लाये ताकि समय पर निर्माण कार्य पूर्ण किया जा सके। साथ ही निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ ही पूर्ण कराया जाये। कलेक्टर ने शासन द्वारा संचालित पेशन योजनाओ की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि वृद्धा पेशन, जन कल्याण संबल योजना, दिव्यांग पेशन, सामाजिक सुरक्षा पेशन योजना के पात्र हितग्राहियो को चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिये ग्राम पंचायत हितग्राहियो का सर्वे कर इनकी सूची उपलब्ध कराये ताकि पात्र हितग्राहियो को योजनाओ का लाभ दिया जा सके। बैठक के दौरान जिपं सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम डीके शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की,नंदन तिवारी, सौरभ मिश्रा, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मिलावटखोरों पर करें कार्यवाही

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि दल गठित कर जिले में मिलावटखोरी में लगाम लगानें के लिए अभियान चलाये। जिले में संचालित होटलए रेस्टोरेंट, डेयरी आदि के सम्पेल कलेक्ट कर इनकी जॉच हेतु प्रयोगशाला में भेजने की कार्यवाही करे। उन्होने कहा कि दल द्वारा यह भी जॉच किया जाये की संबंधितो द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम का पालन किया जा रहा है कि नही।

गोदामों की करें जांच

कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये शहरी क्षेत्र में आवसीय परिसरो में बने गोदामो की जॉच के लिए दल गठित कर चिन्हित करने की कार्यवाही करे। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन सहित कलेक्टर कार्यालयए कमिश्नर कार्यालय तथा सीएम आवास में प्राप्त होने वाली शिकायतो का विभागीय अधिकारी तत्परता के साथ निराकरण करे। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो का रूचि लेकर निराकरण कराये ताकि विभागीय ग्रेडिग में सुधार हो सके।

प्रदूषित जल को नदियों में मिलने से रोके

कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्थिति परियोजनाओ द्वारा छोड़े जाने वाले प्रदूषित जल के स्श्रोतो को चिन्हित कर नदियो में मिलने से रोकने की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने निर्देश दिये जिले में वृक्षारोपण के लिए चिन्हित स्थलो मे गड्ढो का निर्माण कराये साथ ही जिले के नदियो, नालो के किनारो में वृक्षा रोपण कर पर्यावरण को संतुलित किया जाये। जिले में वर्षा जल संचयन के लिए भी उचित उपाय किये जायेगे।

कोर्ट परिसर व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगे वाटर कूलर को बनाए रखें स्वच्छ : सुधीर सिंह

सिंगरौली

जिला न्यायालय परिसर व तहसील न्यायालय परिसर सहित पूरे सिंगरौली जिले एवं उसकी तहसीलों के अंतर्गत आने वाले किसी भी सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगे वाटर कूलर को स्वच्छ बनाए रखें। सार्वजनिक स्थलों पर संचालित वाटर कूलर एवं अन्य पेयजल की व्यवस्था जहां-जहां भी की गई है,वहां एक चीज का विशेष ध्यान रखा जाए की जिस डिब्बे अथवा पात्र से आप पानी निकल रहे हैं। वहीं पर कतई पानी नहीं पिएं बल्कि उससे थोड़ा दूर हटकर पानी पिए। दरअसल भीषण गर्मी एवं विभिन्न प्रकार की फैलती बीमारियां स्वस्थ व्यक्ति को भी बीमार कर सकती हैं। लिहाजन वाटर कूलर में मुंह लगाकर पानी नहीं पिए। किसी बोतल से भी पानी निकलते हैं तो वाटर कूलर से दूरी बनाकर ही पानी पीएं। उक्त आशय के निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड़ ने दिए हैं। न्यायाधीश श्री सिंह ने कहा कि हाथों,कप के किनारों और डिस्पेंसर नल के बीच कीटाणुओं का फैलना आसान है। ऐसी स्थिति में न्यायालयीन अधिवक्तागण, पक्षकारगण एवं अन्य शासकीय अथवा गैर शासकीय स्थलों पर लगे वाटर कूलरों से पानी पीने वाले अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित सामान्य जनों से विशेष अपील है कि वाटर कूलर के आसपास गंदगी ना फैलाएं। वाटर कूलर से पानी लें और उससे दूर हटकर ही पानी का उपयोग करें। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के लिहाज से जारी निर्देश का गंभीरता पूर्वक कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। आदेश का पालन नहीं करने एवं गंदगी फैलाने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

4 जून को शुष्क दिवस घोषित

सिंगरौली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा 4 जून को मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

मतगणना प्रेक्षक ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

सिंगरौली। लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी के तहत आने वाले सिंगरौली जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र 79 चितरंगी, 80 सिंगरौली तथा 81 देवसर के लिए नियुक्त के लिए नियुक्त मतगणना अराथी आनंद ने लोकसभा निर्वाचन सीधी संसदीय क्षेत्र हेतु सिंगरौली जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र के लिए शासकीय पालीटेक्निक कालेज पचौर बैढ़न में बनाये गये स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, मीडिया कक्ष, कंट्रोल रूम, शासकीय कर्मचारियों, अभ्यर्थियों एवं एजेंट के मोबाईल जमा स्थलए मतगणना कर्मियों के लिए आने जाने हेतु बनाये गये प्रवेश, अभ्यर्थियों एवं एजेंटो के प्रवेश आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने तीनो विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष में की जा रही तैयारियों, कन्ट्रोल रूम तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के समय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिह नागेश सहित मतगणना कार्य से जुडे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

मतगणना प्रेक्षक की उपस्थिति में किया गया रेण्डमाईजेशन

सिंगरौली। सीधी संसदीय क्षेत्र 11 अंतर्गत सिंगरौली जिले में आने वाले विधानसभा क्षेत्र 79 चितरंगी, 80 सिंगरौली तथा 81 देवसर के लोकसभा निर्वाचन हेतु मतो की गणना 4 जून को शासकीय पालीटेक्निक कालेज पचौर बैढ़न में संपन्न हांगी। मतगणना हेतु मतगणना कार्य मे संलग्न शासकीय सेवकों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन मतगणना प्रेक्षक अराथी आनंद की उपस्थिति में कलेक्टर सभागार में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की,लोकसेवा प्रबंधक रमेश पटेल उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन

कार्यक्रम में 450 से अधिक महिलाओं की रही सहभागिता

सिंगरौली। विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर सासन पावर लिमिटेड के सीएसआर विभाग एवं महिला एवं बाल विकास के संयुक्त तत्वावधान में परियोजना के टाउनशिप स्थित ऑडीटोरियम में विश्व माहवारी स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना के सभी समीपवर्ती ग्रामों की लगभग 450 से अधिक किशोरी बालिकाओ, महिलाओ ने उपस्थित होकर इस कार्यशाला का लाभ लिया । परियोजना के समीपवर्ती गॉव तियरा, हर्रहवा, सासन, टूसा, सिद्धीखुर्द, सिद्धीकला, झांझीटोला व पिपरा, गड़हरा में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्रों की कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं द्वारा आगनवाड़ी केन्द्रें से समद्ध किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को कार्यक्रम स्थल पर लाया गया । इस कार्यक्रम में सासन पावर परियोजना की महिला कर्मचारी तथा महिला एवं बाल विकास परियोजना के अधिकारी कर्मचारी सीडीपीओ, सुपर वाइजर आदि उपस्थित थे । मुख्य अतिथि राजेश गुप्ता जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा दीप प्रज्वलन कर कर्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिसमें परियोजना की महिलाकर्मियों तथा महिला बाल विकास विभाग से मिनाक्षी शुक्ला-इंचार्ज डिस्ट्रिक्ट हब कोडीनेटर, बिन्दु उईके सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास तथा सासन पावर लिमिटेड के हेड सीएसआर फुजैल अहमद, सीएसआर टीम से नागेन्द्र सिंह उपस्थित थे । तत्पश्चात उपस्थित प्रतिभागियों को माहवारी स्वच्छता जागरूकता एवं उससे संबंधित भ्रांतियों, मुद्दों से अवगत कराने के लिये चलचित्र द्वारा जागरूक किया गया । कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बालिकाओं, महिलाओं, सहायिका एवं आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने खुले मन से माहवारी स्वच्छता के लिये विभिन्न सुरक्षात्मक विधियों तथा माहवारी के समय उच्चकोटि के सेनेटरी नैपकीन के उपयोग से होने वाले लाभ के बारे में बताया । इस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य राजेश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस विषय पर बात करने पर पहले संकोच करते थे परन्तु अब इस विषय की गंभीरता को देखते हुए आज फिल्में तक बन रही है ताकि लोग जागरूक हो सके। मासिक धर्म से संबंधित विषय पर नेहा कावडे ने कहा कि मासिक धर्म महिलाओं के लिए वरदान है और इस विषय पर खुलकर चर्चा करने के लिये प्रेरित किया, साथ ही समाज में होने वाले यौन उत्पीड़न एवं शोषण सामाजिक विकास के प्रति शासन एवं प्रशासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया ।

अवैध रेत व गिट्टी के परिवहन में लगे चार वाहन जब्त

सिंगरौली। कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला व पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता एवं एएसपी एसके वर्मा के निर्देशानुसार खनिज अधिकारी ए.के.राय के मार्गदर्शन में खनिज विभाग के सहायक खनिज अधिकारी कपिलमुनी शुक्ला,डॉ.विद्याकांत तिवारी, खनिज सर्वेयर मुनेन्द्र सिंह द्वारा विभागीय अमले को लेकर खनिजो की अवैध उत्खनन,परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए जांच के दौरान गाम करामी में दो ट्रैक्टर टाली को खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त करते हुए माड़ा थाना में खड़ा कराया गया। साथ ही ग्राम गड़ेरिसा में एक डम्फर को खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर बरगवां थाने में खड़ा कराया गया। वहीं सितुलखुर्द में एक ट्रैक्टर को रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर खुटार चौकी में खड़ा कराया गया। खनिज विभाग ने कुल चार वाहनों एवं मालिको व चालको के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए मप्र खनिज नियम 2022 के तहत कार्यवाही के लिए कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

शराब पीकर झूठी सूचना देना एवं गांव में उत्पात मचाने वाले को निगरी पुलिस ने भेजा जेल

सिंगरौली

निगरी चौकी पुलिस ने शराब के नशे में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियो को झूठी सूचना देकर गुमराह करने वाले व गांव में शराब पीकर रात्रि में उत्पात करने वाले व्यक्ति को जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता,एएसपी एसके वर्मा के निर्देशन व एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के मार्गदर्शन तथा सरई थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह की देखरेख मे निगरी चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह ने कार्यवाही की है। आये दिन नशे की हालत में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियो को झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने एवं क्षेत्र में उत्पात मचाने तथा नशे की हालत में आम जन से झगडा विवाद कर गंभीर घटना घटित करने के पूर्व 1 जून की दरम्यानी रात ग्राम कटई में रामनरेश उर्फ हसन साहू पिता रामकुमार साहू उम्र 36 बर्ष निवासी ग्राम कटई शराब के नशे में राहगीरो एवं ग्रामीणों को गाली गलौच कर मारने के लिए दौड़ रहा था। जिसे धारा 151 दप्रसं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोर की मौत

सिंगरौली। सरई थाना क्षेत्र के घोघरा बायपास तिराहा के पास ट्रैक्टर पलटने से किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा प्रक्रिया उपरांत पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अंकुश पनिका पिता छोटे पनिका उम्र 15 वर्ष

हैदराबाद से काम करके घर लोटा हुआ था। जहां आज सोमवार को सरई थाना क्षेत्र के घोघरा बायपास तिराहा के पास ट्रैक्टर पलटने से दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों को जानकारी होने पर हायतौबा मच गया ।परिजन आनन-फानन में घटना स्थलद पहुंचे जहां अपने बेटे अंकुश मृतक अवस्था में देख रो-रोकर बूरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि मृतक किशोर अंकुश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा प्रक्रिया उपरांत शव का पीएम कराकर परिजनो को सौंप दिया है। इधर पुलिस जांच में जुट गई है।

रहवासी क्षेत्र के आवासो में गोदाम बनाने वाले व्यापारियों को करें चिन्हित : कलेक्टर

कलेक्टर का निर्देश:-दल गठित कर गोदामों की करें जांच

सिंगरौली। विगत दिवस शहर के अंदर रहवासी क्षेत्र में बनाये गये एयर कन्डीशनर एवं टायर गोदाम में भड़की आग को दृष्टिगत रखते हुये तथा भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा नगर निगम एवं राजस्व अधिकारियो की बैठक आयोजित कर ऐसी घटनाओ को रोकने आवश्यक निर्देश दिये।

कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि व्यावसायिक गतिविधि करने वाले ऐसे व्यापारी जिनके द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के भवन का निर्माण किया गया है अथवा स्वीकृत मानचित्र के विरूद्ध भवन का निर्माण किया गया है। साथ ही आवासीय क्षेत्र में बिना स्वीकृती के व्यावसाय के साथ-साथ गोदाम भी बना लिया गया है। ऐसे व्यापारियो को चिन्हित कर उनके द्वारा व्यावसायिक या आवासीय के रूप में भवन निर्माण की स्वीकृती ली गई है। यदि स्वीकृती ली गई तो मानचित्र के अनुसार निर्माण कार्य किया गया है। ऐसे प्रमुख बिंदुओ के साथ भवन निर्माण स्वीकृति प्रावधान अधिनियम के तहत राजस्व एवं नगर निगम संयुक्त रूप से जॉच दल गठित कर इसकी विधिवत जॉच करें। साथ ही शहर में निर्मित पेट्रोल पम्पो ऊंची ईमारतो में अग्नि सुरक्षा से संबंधित क्या प्रबंध है इसकी भी जॉच कराये ताकि शहर में ऐसे घटनाएं घटित न हो।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक के दौरान जिपं सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश ,अपर कलेक्टर अरविंद झा, पीके सेन गुप्ता, एएसपी शिवकुमार बर्मा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, नदंदन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

ग्राम संगठन कार्यालय खोले जाने उपलब्ध कराई गई राशि

सिंगरौली। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सिंगरौली द्वारा ग्राम संगठन कार्यालय की मांग के आधार पर आदिवासी जनजाति कार्य विभाग सिंगरौली के सहयोग से ग्राम संगठन कार्यालय खोले जाने हेतु राशि उपलब्ध कराई गई। जिसमें ग्राम संगठन कार्यालय में पूर्ण रूप सुविधाओं के साथ-साथ समूह की महिलाओं को एक बैठने के जगह ग्राम स्तर पर उनका अपना भवन मिल पाएगा जो की ग्राम सगठन के पदाधिकारियों को भवन सौंपा जाएगा। ग्राम संगठन कार्यालय प्राप्त होने से महिलाओं की बैठक समीक्षा बैठक प्रशिक्षण एवं अन्य सामाजिक मुद्दों को लेकर के एक मंच ग्राम संगठन कार्यालय के माध्यम से उपलब्ध हो पाएगा। कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में व गजेंद्र सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक पहल किया गया है।

मतगणना को लेकर यातायात पुलिस ने निर्धारण किया पार्किंग एंव डायवर्सन व्यवस्था

सिंगरौली। लोकसभा चुनाव की मतगणना 4मई को स्ट्रांग रूम पॉलीटेक्निक कॉलेज पचौर में प्रात: 8 बजे से प्रांरभ होगी। सुरक्षा व कानून व्यवस्था तथा सुगम यातायात के लिए आम जन मानस को सूचित किया गया है कि मतगणना दिनांक को प्रात: 5 बजे से मतगणना समाप्ति तक तेलाई मोड से पुलिस लाइन पचौर तिराहा कनवेयर बेल्ट तक भारी वाहनो व आमजनता का आवागमन पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित रहेगा। तेलाई मोड से ग्राम पचौर, हिर्रवाह,सिंगरौलिया तरफ जाने वाले समस्त प्रकार के वाहनो एंव आमजनता का आवागमन तेलाई नौगढ़ कन्वेयर रोड से पचौरए हिर्रवाह, सिंगरीलिया जाने के लिए पूर्ण रूप से चालू रहेगा। सिंगरौलिया, हिर्रवाह तरफ से तेलाई मोड कचनी वैढ़न आने वाले समस्त वाहनों एवं आमजनता के लिए पुलिस लाइन पचौर तिराहा कन्वेयर रोड नौगढ़ तेलाई कचनी से बैढन तरफ आवागमन चालू रहेगा।

यहां रहेगी पार्किंग व्यवस्था

- मतगणना कार्य में लगे समस्त अधिकारी-कर्मचारियो के वाहनो की पार्किंग पॉलिटेक्निक कॉलेज के मेन गेट के अंदर बॉऐ तरफ ग्राउण्ड में रहेगी।

- मतगणना कार्य में लगे समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियो के वाहनो की पार्किंग पॉलिटेक्निक कॉलेज के मेन गेट के अंदर दाँऐ तरफ ग्राउण्ड में रहेगी। - मतगणना में आने वाले प्रत्याशियो के वाहनों की पार्किंग पॉलिटेक्निक कॉलेज के मेन गेट के अंदर बॉएं तरफ ग्राउण्ड में रहेगी।

- मतगणना दिनांक को कवरेज के लिए उपस्थित होने वाले मीडिया वन्धुओ के वाहनों की पार्किंग पॉलिटेक्निक कॉलेज के मेन गेट के अंदर बॉऐ तरफ ग्राउण्ड में रहेगी।

- मतगणना में आने वाले प्रत्याशियो के अभ्यार्थी , एजेंट की पार्किंग कॉलेज के मेन गेट के पहले अभ्यार्थी/एजेंट हेतु बने अस्थाई प्रवेश द्वार के अंदर स्ट्रांग रूम के अंतिम छोर के ग्राउण्ड में करेगें।

-मेन गेट से केवल मतगणना कार्य मे लगे अधिकारी,कर्मचारी,प्रत्याशी,मीडिया बन्धुओं के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को अंदर प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

-मतगणना स्थल पर मोबाईल या अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाना पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित रहेगा।

- तेलाई मोड से केवल मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी, प्रत्याशी, अभ्यार्थी, मीडिया एंव अन्य पासधारी अनुमति प्राप्त व्यक्तिओ के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति या आमजनता के प्रवेश पर पूर्ण रुप से प्रतिबंधित रहेगा।

- मतगणना दिनांक को चार पहिया वाहन में चालक के अतिरिक्त पासधारी व्यक्ति को छोड़कर अन्य एकसी व्यक्ति को बैठाकर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

प्रेक्षक एवं रिटर्निंग ऑफिसर ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर तैयारियों को अंतिम रूप देने के दिए निर्देश

सीधी। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी स्वरोचिष सोमवंशी तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों अभिषेक कृष्णा (आईएएस) एवं अश्वनी खजूरिया ने आगामी 04 जून को लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 11 सीधी संसदीय क्षेत्र के 04 विधानसभा (चुरहट, सीधी, सिहावल एवं धौहनी) की मतगणना के दृष्टिगत मतगणना स्थल संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय (पुराना भवन) सीधी का अवलोकन किया।

रिटर्निंग ऑफिसर तथा प्रेक्षक द्वय ने विधानसभावार बनाये गये मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था, पार्किंग, मोबाइल एवं गेजेट्स चेकिंग, स्ट्रॉन्ग रूम मूवमेंट की सीसीटीवी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उनके साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं हिमाशु तिवारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मीडिया कक्ष में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए ड्यूटी लगाई गई

सीधी। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत मतगणना का कार्य दिनांक 04.06.2024 को शासकीय संजय गॉधी स्मृति महाविद्यालय के पुराने भवन में किया जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने आदेश जारी कर मीडिया कक्ष प्रभारी के रूप में मुकेश मिश्रा सहायक संचालक जन संपर्क विभाग जिला सीधी को नियुक्त किया गया है तथा इसके सहयोग के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार दिनांक 04.06.2024 को प्रात: 06 बजे से मतगणना समाप्ति तक के लिए पंकज कुमार मिश्रा उच्च मा. शिक्षक शा.हा.से.स्कूल पिपरोहर, कृष्ण गिरि उच्च मा. शिक्षक शा.हा.से. स्कूल उपनी, अजय कुमार भृत्य मलेरिया कार्यालय सीधी, नीरज यादव भृत्य नगर पालिका परिषद सीधी एवं शैफअली खान भृत्य जिला जनसंपर्क कार्यालय सीधी की ड्यूटी लगाई गई है।

उपरोक्त अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित समयावधि में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

सीईओ जिला पंचायत होंगे सम्पूर्ण मतगणना कार्य प्रभारी

सीधी। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना का कार्य दिनांक 04.06.2024 को समय प्रात: 6 बजे से शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के पुराने भवन में किया जाना है। मतगणना का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु राहुल नामदेव धोटे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी को सम्पूर्ण मतगणना कार्य प्रभारी नियुक्त किया गया है तथा इनके सहयोग हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार ब्रम्हानन्द पाण्डेय ब्लॉक समन्वयक जिला पंचायत सीधी एवं राजेश निगम कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला पंचायत सीधी की ड्यूटी दिनांक 04.06.2024 प्रात: 06 बजे से मतगणना समाप्ति तक ड्यूटी लगाई गई है।

मतगणना दिवस की यातायात एडवाइजरी जारी

कलेक्ट्रेट से जमोड़ी तरफ एवं जमोड़ी से कलेक्ट्रेट तरफ आने जाने वाले समस्त वाहनों स्वामियों के लिए विशेष सूचना

सीधी। लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना नियत दिनांक 04 जून 2024 को संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी (पुराना भवन) में किया जाना नियत है जिसमें काफी संख्या क्षेत्रीय जन एवं ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। आम जनमानस के सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये दिनांक 04.06.2024 को रात्रि 02 बजे से मतगणना समाप्ति तक कलेक्ट्रेट से जमोड़ी तरफ एवं जमोड़ी से कलेक्ट्रेट तरफ आने जाने वाले समस्त वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

कलेक्ट्रेट से जमोड़ी तरफ जाने वाले समस्त वाहन अस्पताल तिराहा, गांधी चौक, लालता चौराहा से गोपाल दास रोड होते हुए जमोड़ी तिराहा निकलना सुनिश्चित करेंगे तथा जमोड़ी से कलेक्ट्रेट की तरफ आने वाले समस्त वाहन नया बस स्टैंड जमोड़ी तिराहे से गोपाल दास रोड तरफ से निकलना सुनिश्चित करेंगे तथा भारी एवं मालवाहक वाहन बाईपास का उपयोग करेंगे। कलेक्ट्रेट तरफ से मतगणना स्थल पर जाने वाले प्रत्याशी, उनके प्रतिनिधि, शासकीय कर्मचारी एवं पत्रकार जिनका पास जारी है वे अपने वाहन को कन्या महाविद्यालय ग्राउंड में पार्क कर वहाँ से पैदल मतगणना स्थल तक जाएंगे। जमोड़ी तरफ से मतगणना स्थल पर जाने वाले प्रत्याशी, उनके प्रतिनिधि, शासकीय कर्मचारी एवं पत्रकार जिनका पास जारी है वे सभी अपने वाहन को संजय गाँधी महाविद्यालय ग्राउंड में पार्क कर वहाँ से पैदल मतगणना स्थल तक जायेगे। मधुरी से कलेक्ट्रेट तरफ आने जाने वाले लोग कन्या महाविद्यालय की बाउंड्री के बगल वाली रोड का उपयोग करेंगे।

कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन

सीधी। जून माह के कार्य का आगाज राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ अपर कलेक्टर राजेश शाही की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

रिटर्निंग ऑफिसर की मतगणना में सहयोग के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई

सीधी। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत मतगणना का कार्य दिनांक 04.06.2024 को शासकीय संजय गॉधी स्मृति महाविद्यालय के पुराने भवन में किया जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने आदेश जारी कर मतगणना दौरान आरओ कक्ष में रिटर्निंग आफिसर के कार्यों में सहयोग प्रदाय करने के लिए नीलेश कुमार शर्मा संयुक्त कलेक्टर जिला सीधी एवं सहायक के रूप में डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा सहायक परियोजना समन्यवक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सीधी एवं अमरेन्द्र मिश्रा कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला पंचायत सीधी को नियुक्ति किया गया है।

मतगणना कर्मी जिम्मेदारी से करें मतगणना का कार्य: जिला निर्वाचन अधिकारी

शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरूण भटनागर ने जानकारी दी है कि लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत 4 जून 2024 को संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय पालिटेक्निक कॉलेज शहडोल मे होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरूण भटनागर ने मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा है कि मतगणना कार्य को शांतिपूर्ण एवं जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि 4 जून को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल में प्रात: 8 बजे से मतगणना प्रक्रिया प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्य हेतु टेबिलों की संख्या बढाई गई है जिसमें विधानसभा जैतपुर व जयसिंहनगर हेतु 16-16 टेबिल एवं ब्यौहारी विधानसभा हेतु 21 टेबिलें लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा जैतपुर की मतगणना 20 राउण्ड व जयसिंहनगर की मतगणना 19 राउण्ड में पूर्ण होगी एवं ब्यौहारी विधानसभा की मतगणना 17 राउण्ड में पूर्ण कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल में प्रवेश सिर्फ पास धारियों को प्रवेश दिया जाएगा, मतगणना परिसर में त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। जिसमें जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तैनात होंगे तथा मतगणना परिसर के चारों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई।

शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़ 5 जून को सीधी में आयोजित सम्मान समारोह में होंगे शामिल

सीधी। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़ का प्रथम नगर आगमन 05 जून को हो रहा है। राठौड़ मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मध्यक्षेत्र प्रमुख विजय कुमार सिंह के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में 05 जून 2024 को सायं 5:00 बजे से इन्द्रराज पैलेस पड़ैनिया सीधी में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ सीधी द्वारा आयोजित गरिमामय सम्मान समारोह में शामिल होंगे। इस समारोह में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के नव निर्वाचित प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम मणि अग्निहोत्री सहित संघ के अन्य पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारी



संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विजय कुमार सिंह की उत्कृष्ट सेवाओं एवं सफलता पूर्वक अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने तथा संगठन को उनके अप्रतिम योगदान के लिए उनका सम्मान तथा अभिनंदन किया जाएगा। साथ ही संघ के वर्तमान प्रदेशाध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़ एवं उपाध्यक्ष गौतममणि अग्निहोत्री सहित अन्य का भी अभिनंदन किया जाएगा। इस आयोजन में स्थानीय जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। माध्यमिक विद्यालय पड़ैनिया की प्रधानाध्यापिका तपस्या सिंह व विद्यालय के अन्य शिक्षकों, ग्राम पंचायत क्षेत्र पड़ैनिया खुर्द के सरपंच अश्वनी सिंह परिहार तथा अन्य ग्राम वासियों द्वारा भी श्री सिंह की सेवाओं के लिए उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी, जिलाध्यक्ष राज बहोर पाठक, जिला सचिव सतीश कुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अर्जुन सिंह बघेल, संगठन मंत्री शिवशंकर सिंह चौहान, पूर्व संभागीय अध्यक्ष ए.पी. सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रसेन त्रिपाठी, सहित अन्य सभी पदाधिकारियों ने उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतगणना कर्मियों का रेंडमाइजेशन सम्पन्न

सीधी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों अभिषेक कृष्णा (आईएएस) एवं अश्वनी खजूरिया की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 11 सीधी संसदीय क्षेत्र के 04 विधानसभा (चुरहट, सीधी, सिहावल एवं धौहनी) की मतगणना हेतु मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन जिला सूचना अधिकारी दशरथ प्रजापति द्वारा किया गया। रेंडमाइजेशन के द्वारा मतगणना कर्मियों को विधानसभा क्षेत्र आवंटित कर दिये गये। तृतीय रेंडमाइजेशन के बाद उन्हें मतगणना टेबल आवंटित की जावेगी। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही तथा लायजनिंग अधिकारी उपस्थित रहे।

कमिश्नर, एडीजीपी एवं प्रेक्षक ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद, एडीजीपी शहडोल जोन श्री डीसी सागर एवं मतगणना प्रेक्षक श्री महफूज आलम जिला मुख्यालय उमरिया के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज उमरिया में बनाए गए लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 4 जून होने वाले मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने मतगणना कर्मी एवं मीडिया कर्मियों के मतगणना कक्ष में प्रवेश करने की जानकारी ली। जिस

पर मौके पर उपस्थित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्णेन्द्र कुमार जैन ने कमिश्नर को मतगणना स्थल की संपूर्ण व्यवस्था एवं प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। कमिश्नर ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्णेन्द्र कुमार जैन को निर्देश दिए की मतगणना स्थल में किसी भी प्रकार की कोई अवस्था ना हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए की मतगणना कार्य में लगे मतगणना कर्मचारी एवं मीडिया कर्मियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े इसकी पर्याप्त व्यवस्था करें। जिस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्णेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था, पंखे कूलर की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं की गई है। मतगणना स्थल के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने उमरिया जिले के विधानसभा क्षेत्र बांधवगढ़ 89 एवं विधानसभा क्षेत्र मानपुर 90 के लिए बनाए गए मतगणना कक्ष का भी निरीक्षण किया, साथ ही कमिश्नर ने मतगणना टेबल, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना टेबल, लाइव स्ट्रीमिंग, साउंड सिस्टम, कंप्यूटर सिस्टम,डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली।

जादू टोने के शक पर चाची के पेट में घोंपा चाकू, हालत गंभीर

सीधी। जिले के दक्षिणी छोर वनांचल थाना क्षेत्र कुसमी में जादू टोने के शक की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। यहां आए दिन जादू टोने के फेर में लोगों की हत्याएं होने की वारदात आम हो गई हैं। हाल ही में एक मामला प्रकाश में आया है जहां जादू टोना करने के शक पर एक युवक ने चाची के ऊपर चाकू से हमला कर दिया गया है। गंभीर हालत में इलाज के लिए उसे जिला

अस्पताल सीधी में भर्ती किया गया है। घटना कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ठुरुडोल की है। इनका आपस का रिश्ता भतीजा और चाची का है। आरोपित महर सिंह गोड़ द्वारा अपनी चाची रामबाई सिंह के साथ गाली गलौज करते हुए जादू टोना करने का आरोप लगाते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया है। महिला के पेट में गंभीर चोट आई है, जिसे कुसमी में प्राथमिक इलाज के बाद महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है महिला के बेटे संजय सिंह की शिकायत के आधार पर थाने में एफआइआर दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

मतगणना स्थल में होगी त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

मतगणना प्रेक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी

शहडोल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 4 जून को संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में होने वाले मतगणना हेतु सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आज सर्किट हाउस में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त संसदीय क्षेत्र शहडोल हेतु मतगणना प्रेक्षक श्री कृत्यानंद रंजन एवं संसदीय क्षेत्र सीधी हेतु नियुक्त मतगणना प्रेक्षक श्री रामचंद्र मलाकर ने पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक से जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक ने मतगणना प्रेक्षकों को जानकारी दी कि मतगणना स्थल में प्रवेश सिर्फ पास धारियों को प्रवेश दिया जाएगा। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना परिसर में त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। जिसमें जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तैनात होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य गेट पर सम्पूर्ण चेकिंग हेतु मेटल डिटेक्टिंग डिवाइज डी.एफ. एम.डी., एच.एच. एम.डी. लगायी जाएगी एवं महिला पुलिस कर्मियों को भी डियूटी हेतु लगाया जाएगा। मतगणना के दौरान सम्पूर्ण परिसर पर सी.सी.टी.व्ही कैमरा से नजर रखी जाएगी। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक ने मतगणना से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारियों से भी अवगत कराया।

अवैधानिक तरीके से कालोनी का निमार्ण करने वालों को कारण बताओ नोटिस जारी

अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किये बिना पंजीयन निष्पादित न करने कलेक्टर ने दिए आदेश

कलेक्टर ने 18 जून को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

शहडोल। कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने अवैधानिक तरीके से कालोनी का निमार्ण करने पर श्री बिंदुराम तिवारी निवासी शहडोल सोहागपुर, श्रीमती सुनीता तिवारी निवासी सोहागपुर शहडोल, श्रीमती प्रभा मिश्रा निवासी बलपुरवा बस स्टैण्ड के पास शहडोल, श्री प्रमोद कुमार तिवारी सोहागपुर शहडोल, श्री इकबाल अहमद निवासी सोहागपुर शहडोल, श्री विजय बहादुर सिंह निवासी बुढार रोड़ सोहागपुर शहडोल, श्री अजय सिंह निवासी बुढार रोड़ शहडोल, श्री अनिल कुमार सिंह बुढार रोड़ सोहागपुर, श्री राजा सराफ, श्री अनीश कुमार पिता सुभाषचंद्र गुप्ता निवासी शहडोल, श्रीमती नलिनी सिंह पत्नी श्री पुष्पेंद्र सिंह निवासी श्रीजी प्लाजा शहडोल, श्री सुनील खरे एवं श्रीमती जया खरे निवासी किरण टॉकीज के पास शहडोल, श्रीमती रतिया काछी निवासी ग्राम नरसरहा शहडोल तहसील सोहागपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

कलेक्टर ने जारी कारण बताओं नोटिस में कहा गया है कि उक्त कृत्य मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम ,1961 की धारा 339 क से 339 छ तथा मध्यप्रदेश नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम,2021 के भाग3 नियम-22 का उल्लघंन किया गया है। जारी कारण बताओं नोटिस में कहा गया है कि प्रश्नगत भूमि में अवैधानिक

तरीके से कालोनी का निर्माण किया जाना स्पष्ट प्रतीत होने से प्रश्नाधीन भूमि को मध्यप्रदेश नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम, 2021 एवं नवीन संशोधन दिनांक 25.05.2023 के नियम-23 एवं 24 एवं नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339-ग के तहत कार्यवाही / दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है।

जारी आदेश में कहा गया है कि अवैध कालोनी निर्माण के संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण, पक्ष समर्थन पेशी तिथि 18 जून 2024 को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें कि आपके उक्त कृत्य के लिये प्रश्नाधीन भूमि को शासन के अधिकार में लेते हुये मध्यप्रदेश नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम, 2021 एवं नवीन संशोधन दिनांक 25.05.2023 के नियम 23 एवं 24 एवं नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339-ग में विहित प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही क्यों न की जाये ? निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण, पक्ष समर्थन प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही नियत की जाकर प्रकरण में आदेश पारित किया जाएगा।

कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने तहसीलदार सोहागपुर को आदेशित किया है कि नोटिस अनावेदक पर अनिवार्य रूप से तमील करते हुये तामीली प्रतिवेदन उपलब्ध करावें। साथ ही वादग्रस्त आराजी से संबंधित समस्त बटा नम्बरों के नामांतरण की कार्यवाही नहीं की जाये। उन्होंने उप पंजीयक, सोहागपुर, को आदेशित किया है कि मध्यप्रदेश नगरपलिका (कालोनी विकास) नियम, 2021 नवीन संशोधन दिनांक 25.05.2023 के नियम 23 (3) के अनुरूप वादग्रस्त आराजी से संबंधित समस्त बटा नम्बरों के संबंध में विक्रेता या क्रेता अथवा दोनों से नगरीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किये बिना पंजीयन निष्पादित नहीं किया जाये।

संपादकीय

दिल्ली में पानी की समस्या

यह देख कर अक्सर हैरानी होती है कि जिन समस्याओं को सामान्य नागरिकबोध से सुलझाया जा सकता है, उसके लिए भी अदालतों को फटकार लगानी पड़ती, सरकारों को कड़े दंड का प्रावधान करना पड़ता है। दिल्ली में पानी की समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने बेवजह पानी बहाने वालों पर दो हजार रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है।इसके लिए जल बोर्ड को दो सौ टीमें बनाने को कहा गया है। प्राय- देखा जाता है कि लोग पाइप लगा कर गाड़ियों की धुलाई करते और देर तक पानी बहाते रहते हैं। इसी तरह टंकियों में पानी भरने के बाद बहता रहता है और लोग उसे रोकने का कोई उपाय नहीं करते। इस समय जब दिल्ली में बहुत सारे लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं, कुछ लोग मनमानी पानी बहाते रहते हैं। ऐसे लोगों पर नकेल कसना जरूरी है। मगर जुर्माने के भय से कितने लोगों को अपनी नागरिक जिम्मेदारी का अहसास हो पाएगा, कहना मुश्किल है।दिल्ली सहित तमाम महानगरों में गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत हो जाती है। सभी को जरूरत भर का पानी उपलब्ध कराना कठिन हो जाता है। इसे लेकर सरकारें और सामाजिक संगठन, रिहाइशी कालोनियों के प्रबंधन लोगों से पानी का सोच-समझ कर इस्तेमाल करने की अपील करते रहते हैं। महानगरों में माना जाता है कि पढ़े-लिखे और जागरूक लोग रहते हैं, वे ऐसी समस्याओं का समाधान खुद निकालेंगे।मगर विडंबना है कि पढ़े-लिखे और जागरूक माने जाने वाले लोग ही गाड़ियों की धुलाई, बागों की सिंचाई और नहाने-धोने में सबसे अधिक पानी की बर्बादी करते हैं। दिल्ली जल बोर्ड के निगरानी दल ऐसे लोगों पर कितनी सख्ती कर पाएंगे, देखने की बात है। वे बाहर बहते पानी पर तो फिर भी नजर रख लेंगे, पर घर के भीतर जो लोग बेवजह पानी बहाते रहते हैं, उनका हाथ वे कैसे पकड़ पाएंगे। बर्तन और कपड़े धोने में जो मनमानी पानी बहाया जाता है, उस पर कैसे रोक लगेगी। दरअसल, इसके लिए लोगों में यह संवेदना पैदा करना जरूरी है कि पानी की एक-एक बूंद कुदरत को निचोड़ कर मिलती है।

एग्जिट पोल के संदेश- जनता ने सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष के लिए 'जनादेश' दिया है!

(कमलेश पांडे)

एग्जिट पोल के नतीजे कांग्रेस और भाजपा दोनों को यह स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि भारतीय राजनीति में उन्हें यदि प्रासंगिक बने रहना है तो अपनी नीति रीति में व्यापक बदलाव करने होंगे, अन्यथा लोग क्षेत्रीय दलों को आगे बढ़ाएंगे जो कि उनके अरमानों के सच्चे और अच्छे प्रतिबिंब होते हैं।

कोई भी एग्जिट पोल चुनाव परिणाम तो नहीं होता, लेकिन बातों ही बातों में चुनाव परिणामों की ओर इशारे कर जाता है, जो अक्सर समय की कसौटी पर सही साबित होते आये हैं, कुछ प्रायोजित अपवादों को छोड़कर। इसलिए इसके मायने को गम्भीरता पूर्वक समझने की जरूरत होती है। जहां तक आम चुनाव 2024 के एग्जिट पोल के नतीजे की बात है तो ये शनिवार 1 जून को देर शाम तक सामने आ गए। जबकि वास्तविक नतीजे मंगलवार 4 जून को देर शाम तक प्राप्त हो पाएंगे।

यदि औसत की भी बात करें तो भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 350 से अधिक और कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन को 150 के कम सीटें प्राप्त होने का अनुमान लगाया गया है। वहीं, अन्य दल बमुश्किल 36 सीटें ही जीत पाएंगे। ये एग्जिट पोल भाजपा और कांग्रेस के बीच जनाधार के जबर्दस्त फासले के भी संकेत दे रहे हैं। क्योंकि जहां सिर्फ भाजपा को 300 से अधिक सीटें मिलने का अनुमान है, वहीं कांग्रेस एक बार फिर दो अंकों यानी लगभग 60 सीटों पर ही सिमटती नजर आ रही है।

इस प्रकार प्रथमदृष्टया एग्जिट पोल के नतीजे जाहिर कर चुके हैं कि जनता ने सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष के लिए जनादेश दिया है, जो एक नई बात है। क्योंकि चाहे 2014 का जनादेश हो या 2019 का, लोगों ने मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को लोकसभा की कुल सीटों में से 10 प्रतिशत सीटों का भी जनादेश नहीं दिया था, जिससे दोनों लोकसभा में उसका कोई वैधानिक नेता प्रतिपक्ष तक नहीं बन पाया। क्योंकि नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए लोकसभा की कुल सीटों में से 10 प्रतिशत सीटें जीतना अनिवार्य होता है। हालांकि, इस बार प्रतीत हो रहा है कि जनता विपक्ष

पर भी मेहरबान है और उसे मजबूत बनाने के संकेत दे दिए हैं, ताकि वह मजबूती पूर्वक सरकार की पहरेदारी कर सके।

ऐसे में चर्चा आम है कि लोगों को मोदी सरकार की संतुष्टिकरण वाली नीतियां तो पसंद हैं, लेकिन कतिपय राजनीतिक व प्रशासनिक मामलों में उनकी मनमानी नापसंद भी है। इसलिए उन्हें थोड़ा कमजोर करते हुए उनके सामने एक मजबूत विपक्ष देने की कोशिश की है, ताकि दूरगामी व्यापक जनहित की रक्षा की जा सके। साफ शब्दों में कहें तो जनता को यह कतई पसंद नहीं है कि उनके वोट से बनने वाली सरकार पूंजीवादी ताकतों के हाथ में खेले और जनविरोधी कानून संसद में बनाये। जैसा कि पिछले 10 वर्षों में और बाजपेयी सरकार के 6 वर्षों में महसूस किया जा चुका है।

एग्जिट पोल के नतीजे कांग्रेस और भाजपा दोनों को यह स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि भारतीय राजनीति में उन्हें यदि प्रासंगिक बने रहना है तो अपनी नीति रीति में व्यापक बदलाव करने होंगे, अन्यथा लोग क्षेत्रीय दलों को आगे बढ़ाएंगे जो कि उनके अरमानों के सच्चे और अच्छे प्रतिबिंब होते हैं। यही वजह है कि पिछले दो लोकसभा चुनावों में मृतप्राय हो चले क्षेत्रीय दल इस बार के लोकसभा चुनाव में पूरी मजबूती के साथ उभरे हैं और जहां-जहां पर वो कांग्रेस या भाजपा के साथ रहे, वहां पर उन्होंने उन्हें लाभांवित भी किया है। यह बात एनडीए से ज्यादा इंडिया गठबंधन पर लागू होती है।

एग्जिट पोल के नतीजों से साफ है कि भाजपा जहां दिल्ली, गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों में अपनी यथास्थिति बनाये रखने में सफल हुई है, वहीं दक्षिण भारत में कमल खिलाने के उसके मंसूबे भी पूरे होने वाले हैं। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, हरियाणा में भाजपा को उतनी क्षति नहीं हो रही है, जितना कि चुनाव पूर्व अनुमान लगाया गया। वहीं, दक्षिण भारत में कांग्रेस की स्थिति और मजबूत हुई है, जबकि हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा आदि राज्यों में कांग्रेस की स्थिति मजबूत हुई है। बिहार में राजद, उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, झारखंड में झामुमो, दिल्ली-पंजाब में आप, महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव और एनसीपी शरद पवार आदि के मजबूती के संकेत मिल रहे हैं।

वहीं, नरेंद्र मोदी की सरकार के लगातार तीसरी बार सत्तारूढ़ होते ही वो देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी करके इतिहास रच देंगे। कांग्रेस के बाद भाजपा के लिए भी यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

लिहाजा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि वह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि लोगों ने राजग सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। क्योंकि लोगों ने हमारी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखा है। हमारी सरकार के कार्यकाल में गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक सुधार आया है। लोगों ने यह भी देखा है कि किस प्रकार भारत में सुधारों ने देश को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बना दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए यहां तक कह दिया कि अवसरवादी इंडिया गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा। मतदाताओं ने विपक्ष की पुराने दिनों में चले जाने की राजनीति को खारिज कर दिया। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक)

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनाव परिणाम ने क्या संदेश दिया है?

(नीरज कुमार दुबे)

सिक्किम की बात करें तो यहां जब हमने लोगों से बातचीत की थी तो लोगों ने साफ कर दिया था कि हमें भाजपा या कांग्रेस से कोई नाराजगी नहीं है लेकिन हम चाहते हैं कि यहां की सरकार कोई क्षेत्रीय दल ही संभाले।

पूर्वोत्तर के दो राज्यों- अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनाव परिणाम सामने आ गये हैं। दोनों ही राज्यों में जनता ने वर्तमान सरकार को ही दोबारा सेवा का अवसर दिया है। हालांकि यह दोनों परिणाम बहुत बड़े संदेश भी देकर गये हैं। पहला संदेश यह है कि भाजपा ने पूर्वोत्तर में अपनी जड़ें गहरें तक जमा ली हैं। दूसरा संदेश यह है कि कांग्रेस यहां खत्म हो चुकी है। तीसरा संदेश यह है कि क्षेत्रीय दल पूर्वोत्तर में व्यापक जनाधार रखते हैं। अरुणाचल प्रदेश में प्रभासाक्षी की चुनाव यात्रा के दौरान हमने देखा था कि वहां की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास रखती है। लोगों ने हमसे बातचीत में कहा था कि जिस तरह पिछले दस सालों में अरुणाचल प्रदेश को विकास की तमाम सौगातें मिली हैं, जिस तरह यहां सड़क संपर्क को लेकर तेजी से काम हुआ है और सुदूर इलाकों तथा देश के अंतिम गांवों में भी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया गया है उसके चलते प्रदेश की जनता भाजपा के साथ खड़ी है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जिस तरह युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए तमाम तरह के वादे किये थे और इस राज्य में पर्यटन को नये पंख देने के लिए जो रूपरेखा जनता के बीच रखी थी उसका भी प्रभाव चुनावों में देखने को मिल रहा था।

यहां भाजपा की लोकप्रियता का आलम यह था कि चुनावों की घोषणा के साथ ही पार्टी ने 10 सीटों पर निर्विरोध जीत हासिल कर ली थी। चुनावों के दौरान ईटानगर में भाजपा के मुख्यालय से लेकर जिलों के कार्यालयों तक में हमें जहां गहमागहमी देखने को मिली वहीं कांग्रेस के दफ्तरों में सन्नाटा पसरा हुआ था। हमने पाया था कि अरुणाचल में मुख्यमंत्री पेमा खांडू की लोकप्रियता भी काफी थी और उनके कामकाज को लोग पसंद करते हैं। यहां चुनावों के दौरान भाजपा ने कांग्रेस मुक्त अरुणाचल के नाम से जो अभियान चलाया था उसको भी काफी सफलता मिली थी क्योंकि जहां-जहां से यह यात्रा गुजरती थी वहां-वहां के कांग्रेसी नेता या कार्यकर्ता भाजपा का दामन थाम रहे थे। कांग्रेस को अरुणाचल प्रदेश में जो एक विधानसभा सीट मिली है वह दर्शा रही है कि पार्टी यहां खत्म हो चुकी है। यह स्थिति तब है जब हाल ही में अपनी भारत जोड़ो यात्रा लेकर राहुल गांधी ईटानगर पहुँचे थे और भाजपा पर तमाम प्रहार किये थे।

वहीं सिक्किम की बात करें तो यहां जब हमने लोगों से बातचीत की थी तो लोगों ने साफ कर दिया था कि हमें भाजपा या कांग्रेस से कोई नाराजगी नहीं है लेकिन हम चाहते हैं कि यहां की सरकार कोई क्षेत्रीय दल ही संभाले। लोगों ने कहा था कि यदि भाजपा या कांग्रेस यहां सत्ता में आ गयीं तो वह हमारे खूबसूरत राज्य को शिमला, दार्जिलिंग जैसा भीड़भाड़ वाला इलाका बना देंगी। लोगों ने कहा कि भाजपा या कांग्रेस के यहां सत्ता में आने पर दिल्ली के लोग आकर गंगटोक में होटल ही होटल बना देंगे और यहां आने वाली गाड़ियों की संख्या बढ़ने पर हमारा राज्य भी वायु प्रदूषण की समस्या झेलने लगेगा। लोगों ने कहा था कि इस शांत राज्य की क्या जरूरतें हैं इस बात को क्षेत्रीय दल भलीभांति समझते हैं इसलिए हम उनको ही वोट देंगे। लोगों ने कहा कि 25 साल तक हमने पवन कुमार चामलिंग को मौका दिया और अब युवा मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग अच्छा काम कर रहे हैं तो उन्हें ही अवसर देना चाहिए। लोगों ने यह भी कहा था कि भाजपा या कांग्रेस की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री दिल्ली के निर्देश पर काम करेगा लेकिन क्षेत्रीय दल का मुख्यमंत्री बनने पर वह यहां की जनता के हिसाब से काम करेगा।

बहरहाल, यह दोनों चुनाव परिणाम दर्शा रहे हैं कि स्थानीय जनता विकास को और अपने राज्य की तरक्की को तवज्जो देती है। साथ ही दोनों राज्य की जनता ने खिचड़ी सरकार बनाने से परहेज कर स्पष्ट और प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनाकर अपनी विद्वता का भी परिचय दिया है।

वर्ग पहेली 5390

1	2	■	3		4	5	6
7		8		■	9		
■	10			■		■	
11				■	12	13	■
14		■	■	15			■
	■	16		■	17		18
19	20		■	21		■	
22		■	■	23			

संकेत: बाएं से दाएं

1. यह योरप महाद्वीप में स्थित देश है इसे यूनान भी कहते है (2)
3. उत्तरप्रदेश का यह स्थल चूड़ी बनाने के कारखाने या कांच के उद्योग के कारण प्रसिद्ध है (5)
7. ऐसी घटना जिसमें कोई अपराध हुआ हो (4)
9. इस पहले टाउन कहा जाता था (3)
10. तीन घंटे का समय, याम (3)
11. गतिविधि, दुष्कर्म, संचलन (4)
12. ऐसी ही सही, अच्छा, कोई चिंता नहीं, देखा जाएगा (2)
14. हाथ, कर, बालिस्त, पाणि (2)
15. रवि, दिनकर, दिनपति, दिनकर (2)
16. अंग्रेजों के बारह महिनों में से एक (2)
17. फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक, घड़ियाल (3)
19. नियुक्त करना, धरना, संग्रह करना (3)
21. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
22. हजरत मुहम्मद की यह छंदोबद्ध स्तुति है (2)
23. पितृपक्ष, श्राद्धपक्ष (4)

ऊपर से नीचे

1. गर्दन, शरीर का वह हिस्सा जो सिर व धड़ को जोड़ता है (2)
2. अभिभावक, संरक्षक (5)
3. चालाकी, चालबाजी, धूर्तता, प्रकृति (4)
4. प्राणरक्षा की विनती करना (4)
5. उद्यान, बगीचा, उपवन, वाटिका (2)
6. बांस की चटाई को यह भी कहते है (3)
8. जलाने वाला, दग्धक (3)
11. औचित्य की सीमा लांघना, अति कर देना (5)
13. प्रक्षालक, प्रक्षालनकर्मी (3)
16. घास-फूस को बटकर बनाई गई रस्सी, पुराना, प्राचीन (2)
18. हिफाजत किया हुआ, महफूज, रक्षा किया हुआ, पालित, पोषित (3)
20. पत्र, चिट्ठी (2)
21. पुनीत, पवित्र, निर्दोष, निर्मल (2)

वर्ग पहेली 5389 का हल

इं	ग्लै	ड	■	क	बी	र	■
त	■	र	सि	क	■	सा	म
जा	ग	ना	■	ह	या	त	■
म	म	■	प	रा	■	त	घु
क	क	पि	ट	■	चा	■	ल
री	■	ता	ना	शा	ह	■	न
■	द	म	■	य	■	का	शी
ग	वा	ह	■	द	म	क	ल

प्रकृति के कोप से उपजे हालात से निपटने के लिए सबको साथ मिल कर काम करने की जरूरत

गर्मी का मौसम एक तरह से कहर ढा रहा है और लोग इसे झेलने पर मजबूर हैं। चिलचिलाती धूप और लू की मार से बचने के लिए लोगों को अब अतिरिक्त इंतजाम करना पड़ रहा है। कई जगहों पर लू की वजह से कुछ लोगों की मौत हो जाने के अलावा बिहार में कई स्कूली बच्चों के बीमार पड़ने की खबरें आई हैं।

इस वर्ष की गर्मी जिस रूप में आई है, उसकी आशंका पिछले कई महीने से जाहिर की जा रही थी। मगर इस तरह के पूर्वानुमानों की सार्थकता तभी है जब किसी संकट की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी भी साथ-साथ की जाए। विडंबना यह है कि विज्ञान की उपलब्धियों के सहारे अब आने वाले दिनों के मौसम को लेकर कई बार सटीक अनुमान तो लगा लिए जाते हैं, लेकिन उसके मुताबिक जरूरी कदम उठाने के लिए न तो सरकारों को कोई ठोस पहल करते देखा गया और न ही आम जनता इसके प्रति सचेत होती है या अपने स्तर पर कोई सावधानी बरतती है।

यह बेवजह नहीं है कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी का मौसम एक तरह से कहर ढा रहा है और लोग इसे झेलने पर मजबूर हैं। चिलचिलाती धूप और लू की मार से बचने के लिए लोगों को अब अतिरिक्त इंतजाम करना पड़ रहा है। कई जगहों पर लू की वजह से कुछ लोगों की मौत हो जाने के अलावा बिहार में कई स्कूली बच्चों के बीमार पड़ने की खबरें आईं। पारा किस कदर ऊपर की ओर चढ़ रहा है, उसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि गर्मी से उपजी परेशानी अब हादसों और पेयजल तक के संकट के रूप में बदल रही है।

गौरतलब है कि बुधवार को राजधानी दिल्ली में मुंगेशपुर इलाके में तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और दिल्ली सहित कई राज्यों में इसका असर अब जनजीवन बाधित होने के तौर पर भी सामने आ रहा है। दिल्ली में अब तक दर्ज किया गया यह सबसे ज्यादा तापमान है और इससे अस्सी वर्ष पहले का वह रिकार्ड टूटा है, जब 29 मई को तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

इसके अलावा, पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर-पश्चिम भारत के कई शहर लू की चपेट में हैं और उन इलाकों के लिए मौसम विभाग को लाल चेतावनी जारी करनी पड़ी। यानी कि जिस तरह की गर्म हवाएं चल रही हैं, उससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होने का खतरा है। हालांकि बुधवार को ही शाम में मौसम ने करवट बदली और आंधी के साथ कुछ इलाकों में बारिश भी हुई, जिससे राहत के आसार बने, लेकिन तापमान और गर्मी का जैसा रुख बना हुआ है, उसके मद्देनजर आने वाले कुछ दिन संवेदनशील हो सकते हैं और लोगों को हर स्तर पर सावधानी बरतने की जरूरत है।

मुश्किल यह है कि जिस समय कुदरत की मार से उपजे संकट का सामना करने के लिए आम लोगों को सतर्क होना चाहिए और सरकार की ओर से हर जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए, वैसे में अलग-अलग राज्यों के बीच एक विचित्र खींचतान शुरू हो जाती है। दिल्ली सरकार की ओर से यह आरोप लगाया गया कि भीषण गर्मी से उपजे पेयजल संकट के बीच हरियाणा दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं दे रहा है।

आज का राशिफल

मेष

आज भाग्य आपका साथ देगा। आज आपको बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी। आज काफी संघर्ष के बाद आपको परेशानियों से राहत मिलेगी। किसी कारण से आपको दूर की यात्रा करनी पड़ सकती है। नौकरी और कारोबार के काम से बाहर जाना पड़ सकता है।

वृषभ

आज आपका दिन खुशी में बीतेगा। परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए आप कुछ जरूरी चीजों की खरीद करेंगे। फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए।

मिथुन

आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। आपकी अपनी नज़र भी अपनी उपलब्धियों को लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखने से आपको लाभ होगा ।

कर्क

आज काफी बिजी रहेगा और आज किसी बहन भाई की चिन्ता करते रहेंगे। आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए काम करते हैं तो इस बार भी आपको काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। कोई चिंता आपको परेशान कर सकती है।

सिंह

आज कारोबार की चिंता काफी परेशान करेगी। पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है और आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं ।

कन्या

आज दिन सफलता से भरा होगा और आज काफी बिजी रहेंगे। विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी और उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें और अपने रोजाना के काम पर ध्यान दें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुबंध आपको प्राप्त होगा।

तुला

आज दिन परेशानी और चिंता में बीतेगा। आपको कुछ मामलों में बिना वजह की परेशानी होगी। कुछ परेशानियां तो वास्तविक हैं ही कुछ आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों का सामना आपको करना पड़ सकता है।

धनु

आज का दिन सफलता से भरा होगा। आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। आज किसी नए मामले में आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपका रुआ हुआ धन कठिनाई से मिलेगा और आपको रोजमर्रा के काम से आज कुछ राहत मिलेगी। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

कुंभ

आज सम्मान में वृद्धि का दिन है। आज आपको कोई सुअवसर मिलने से लाभ होगा। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा। किस्मत आपका साथ देगी और आपके धन में वृद्धि होगी।

वृश्चिक

आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें।

मकर

आज किस्मत साथ दे रही है और आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी। ग्रह चाल से आपका भाग्य विकास होगा। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों के साथ आपका वक्त अच्छा बीतेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें।

मीन

आज दिन सफलता से भरा होगा। आज उन्नति के क्षेत्र में कई रास्ते खुलेंगे और आपको लाभ होगा। अध्ययन व आध्यात्म में रुचि बढ़ने से आपका मन प्रसन्न होगा। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा।

संक्षिप्त समाचार

राजस्थान में हरियाणा के दो संतों को पीट-पीटकर मार डाला, दूर जाकर फेंके शव

झुंझुनू, एजेंसी। राजस्थान के झुंझुनू में दो संतों की हत्या से सनसनी फैल गई है। रविवार को कुछ हमलावरों ने दोनों को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया और शव खेत में फेंककर फरार हो गए। पुलिस हत्यारों की पहचान और उनकी तलाश में जुटी है। डीएसपी नूपाराम भाकड़ ने कहा, घटना तब सामने आई जब झुंझुनू के पछेरी कलां गाव में रविवार सुबह तो अज्ञात लाशें मिलीं। बाद में उनकी पहचान दो संतों गिरी महाराज (45) और उनके साथी गौतम सिंह (42) के रूप में हुई। जो हरियाणा के भिवानी से झुंझुनू के भोडां आश्रम में आए थे। पुलिस के मुताबिक गिरि महाराज का शनिवार रात कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। डीसीपी ने कहा, इस बीच गौतम भी मौके पर पहुंचा और देखा कि हमलावर उन्हें क्रूरता से पीट रहे हैं। हमले में दोनों संतों की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी शवों को कार में डालकर दूर ले गए और पछेरी कलां के खेतों में फेंक दिया। भाकड़ ने कहा, अभी यह पता लगाया जा रहा है कि घटना में कितने लोग शामिल थे। हमने कुछ लोगों की और कार की पहचान की है। वे संभवत: घटना के बाद हरियाणा चले गए। हम उनकी तलाश कर रहे हैं। हमें आशंका है कि वे भिवानी स्थित आश्रम के सदस्य थे, जिनके साथ पीड़ित काम करते थे। पुलिस ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। डीएसपी ने कहा कि आरोपियों की तलाश चल रही है। गिरफ्तारी के बाद ही हत्या की वजह सामने आ सकती है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती को मुंडवा लेना चाहिए अपना सिर-अनिल विज

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती पर रविवार को निशाना साधा। विज ने कहा कि भारती को अपना सिर मुंडवा लेना चाहिए, क्योंकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। वह एग्जिट पोल पर न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत कर रहे थे। अनिल विज ने कहा, एग्जिट पोल से ऐसे रुझान मिल रहे हैं कि बीजेपी की सरकार बनने वाली है। एग्जिट पोल के आंकड़ों में अभी भी अंतर है, हम तो 400 के पार जाने वाले हैं। पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा में हम सभी 10 सीटें जीतने जा रहे हैं। अनिल विज ने इस दौरान आप प्रत्याशी सोमनाथ भारती पर चुटकी ली। उन्होंने कहा, सोमनाथ भारती को अब अपना सिर मुंडवा लेना चाहिए क्योंकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। दरअसल, आप लीडर ने शनिवार को कहा था कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह अपना सिर मुंडवा लेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट में कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव नतीजे आने के बाद सारे एग्जिट पोल गलत साबित होंगे। भारती ने कहा, अगर मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो मैं अपना सिर मुंडवा लूंगा। मेरी बात याद रखना। चार जून को सभी एग्जिट पोल गलत साबित होंगे और मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। इस बीच, आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि इस बार इंडिया गठबंधन केंद्र में मजबूत और स्थिर सरकार बनाएगा। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद शनिवार को एग्जिट पोल आए। इनमें प्रधानमंत्री मोदी के लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहने और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। केजरीवाल ने दावा किया कि लोगों से मिली प्रतिक्रिया के मुताबिक विपक्षी गठबंधन 295 से अधिक सीटों पर विजयी रहेगा। उन्होंने कहा कि इंडिया मजबूत और स्थिर सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को केवल 220 सीटें मिलेंगी जबकि राजग को 235 सीटें मिलेंगी।

दलाई लामा इलाज के लिए अमेरिका जाएंगे

धर्मशाला , एजेंसी। तिब्बती धर्म गुरू दलाई लामा अपने घुटनों के इलाज के लिए इस महीने अमेरिका जाएंगे। उनके कार्यालय ने सोमवार को बताया कि इस दौरान वह किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे। यह दिसंबर 2019 में कोरोना महामारी सामने आने के बाद दलाई लामा की पहली विदेश यात्रा होगी। आधिकारिक बयान में कहा गया है, 20 जून से अगले नोटिस तक उनका लोगों को संबोधित करने का या कोई अन्य कार्यक्रम नहीं होगा। दलाई लामा अपने घुटनों के इलाज के लिए अमेरिका जाने वाले हैं। उनके धर्मशाला वापस आने के बाद वह नियमित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। शीर्ष तिब्बती धर्म गुरू पिछली बार जून 2017 में अमेरिका गये थे।

अमूल दूध हुआ महंगा, मायूस दिखी जनता, कहा- महंगाई पर कंट्रोल करे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनाव के नतीजों से पहले अमूल ने आम आदमी को झटका दिया है। अमूल ब्रांड के तहत मिल्क प्रोडक्ट्स की बिक्री करने वाले गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) ने दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाने की घोषणा की है। अमूल की ओर से बढ़ाई गई कीमतों का असर सीधा आम आदमी की जेब पर देखने को मिलेगा। देशभर में अमूल दूध के दाम बढ़ा दिए गए हैं।

एग्जिट पोल हवा-हवाई हैं, अगर हम हार गए तो भी हमारा प्रदर्शन 2019 से काफी बेहतर होने वाला है : शशि थरूर

नईदिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 रिजल्ट आने में सिर्फ एक दिन बचा है। सभी पार्टियां अपनी-अपनी जीत के दावे कर रही है। दो दिन पहले आए एग्जिट पोल ने भाजपा गठबंधन वाली एनडीए के जीत के दावे किए थे। तमाम एग्जिट पोल ने ऐसा दावा किया कि जनता का मूड इस बार भी मोदी सरकार के साथ है। कई सर्वे में तो एनडीए 400 पार दिखाई दी। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन को इस बार भी सत्ता नहीं मिलती दिखाई दे रही है। एग्जिट पोल को लेकर एक तरफ भाजपा जश्न मना रही है तो दूसरी तरफ कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने इसे मोदी का एग्जिट पोल करार दिया है। इस बीच केरल के तिरुवंतपुरम से कांग्रेस उम्मीदवार और पार्टी के वरिष्ठ शशि थरूर का कहना है कि एग्जिट पोल हवा-हवाई हैं। अगर बुरे से बुरा हो जाए और हम हार गए तो भी हमारा प्रदर्शन 2019 से काफी बेहतर होने वाला है।

शशि थरूर ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा कि उन्हें एग्जिट पोल के आंकड़े चौंकाने वाले लगते हैं। पोल में दिखाए गए आंकड़ों का जमीन में जनता की प्रतिक्रियाओं से कोई संबंध नहीं हैं। कांग्रेस का संदेश स्पष्ट था कि क्या इन 10 साल में भाजपा ने सिर्फ मंदिर और पीएम मोदी की वाकपटुता के अलावा जनता को कोई और चीज दी, जो असल में उनके और उनके परिवार के हितों के लिए थी।

भाजपा की तुलना में कांग्रेस के वादे ज्यादा स्पष्ट : थरूर ने कहा कि इस बार चुनाव में मतदाताओं के लिए यह सोचने का समय था कि क्या उन्हें या उनके परिवारों को भाजपा के दस साल के शासन से किसी भी तरह का लाभ मिला है? जब हमने लोगों से बात की, तो पता लगा कि लोगों ने अपनी नौकरी, आय की स्थिति या जीवन शैली के संबंध में कोई सुधार नहीं पाया है। हमने अपने मेनिफेस्टो में पांच न्याय के साथ एक मजबूत संदेश दिया। संदेश यह कि हमें बेरोजगारी, आय में गिरावट और मंहगाई की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए काम करने हैं।

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन कितनी सीट जीतेगी : थरूर ने उम्मीद जताई कि इस बार चुनाव में कांग्रेस और विपक्ष पिछले दो बार के प्रदर्शनों से काफी बेहतर करने वाला है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के नंबर तीन अंकों में होंगे और इंडिया गठबंधन 295 से अधिक सीट जीतने जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गठबंधन के बाकी नेताओं के साथ परामर्श और कार्यकर्ताओं के फीडबैक के बाद यह नंबर दिया है। इसका मतलब यह है कि एग्जिट पोल गलत साबित होने वाले हैं।

पिछली बार भी मेरी हार की भविष्यवाणी हुई : थरूर ने आगे कहा कि मैंने केरल, महाराष्ट्र , बिहार, पंजाब में प्रचार किया। लगता है कि एग्जिट पोल का उस तरह के फीडबैक से कोई संबंध नहीं है जो मैं जमीनी स्तर पर पा रहा था। मैं पूरी तरह से हैरान हूं। मैंने एग्जिट पोल में देखा कि सभी केरल में उन्हें 1-7 सीटें दे रहे हैं। यह पागलपन है। यह मुझे पूरी तरह से अविश्वसनीय लगता है। जब तक कोई जादू नहीं चलता, तब तक भाजपा के लिए केरल में एक भी सीट जीतना संभव नहीं है। पिछले चुनावों में केरल के एक प्रमुख अखबार ने एग्जिट पोल के आधार पर पहले पन्ने पर एक स्टोरी छापी थी जिसमें कहा गया था कि मैं अपनी सीट हार रहा हूं। लेकिन, मैंने एक लाख के अंतर से चुनाव जीता। सच तो यह है कि एग्जिट पोल किसी भी तरह से अचूक या फुलप्रूफ नहीं होते।

केरल-तमिलनाडु में वोट शेयर बढ़ा सकती है भाजपा थरूर ने आगे कहा कि तमिलनाडु में भी यही स्थिति है। मैंने तमिलनाडु में कई लोगों से बात की है और यह एग्जिट पोल के दावे हास्यास्पद हैं। हो सकता है कुछ क्षेत्रों में भाजपा अपना वोट शेयर बढ़ा सकती है। लेकिन पिछले कई चुनावों से भाजपा केरल में 12-13प्रतिशत (वोट शेयर) पर अटकी हुई है। मुझे नहीं लगता कि इसमें बदलाव आएगा। लेकिन अगर थोड़ी बढ़ोतरी होती भी है तो यह बहुत आश्चर्य वाली बात नहीं होगी। हार भी गए तो इतने बुरे अंतर से नहीं थरूर ने कहा कि अगर एग्जिट पोल के रुझानों जैसे नतीजे सामने आते भी हैं तो भी रिजल्ट उतने बुरे नहीं होंने वाले। मुझे पूरा भरोसा है कि अगर हमारे दावे गलत भी साबित होते हैं और चुनाव हार जाते हैं, तो भी कांग्रेस का प्रदर्शन 2019 के मुकाबले काफी बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि मैं इस चुनाव को 2014 या 2019 के पैटर्न पर नहीं देखता। मुझे लगता है कि सबसे खराब स्थिति में भी कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन का प्रदर्शन काफी अच्छा होने वाला है।

छत्तीसगढ़ में आंधी-तूफान ने मचाया कहर, 100 से ज्यादा पेड़ गिरे, रायगढ़ में 20 घंटे से बिजली बंद

रायगढ़, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में शनिवार देर शाम आए तेज आंधी तूफान से कई जगहों पर बिजली के पोल के टूटने और पेड़ों की डालियों के बिजली के तारों पर टूट कर गिरने से रायगढ़ शहर सहित पूरे जिले में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था चरमरा गई। इससे पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। आंधी तूफान से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुई है। शनिवार देर शाम रायगढ़ जिले में आए आंधी तूफान ने बिजली विभाग के प्री मानसून तैयारियों की पोल खोल दी है। शाम सात बजे से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों का बुरा हाल है। घरों में पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। पिछले 20 घंटे से बिजली के अभाव के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिलाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जल्द व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए हैं। बिजली विभाग कल रात से ही सप्लाई बहाल करने में जुटा हुआ है। सीएसईबी के एसई मनीष तनेजा ने बताया कि आंधी तूफान से रायगढ़ शहर में करीब 35 से 40 फीडर से बिजली सप्लाई बाधित हुई। करीब 20 से अधिक बिजली के पोल गिर गए हैं। कई जगहों पर पेड़ बिजली की तारों पर गिर गए हैं, जिससे तारें भी टूट गई हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों कोड़ा तराई, किरोड़ीमल नगर, तमनार, लैलूंगा में भी कुछ जगहों पर पोल गिरे हैं। सभी जगहों पर मरम्मत का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर में छह फीडर को छोड़ कर बाकी जगहों पर सप्लाई शुरू कर दी गई है। अभी करीब 70 लोगों की टीम बिजली व्यवस्था बहाल करने में जुटी हुई है। जहां तार टूट गए थे उन्हें जोड़ा जा रहा है। चक्रधर नगर, पॉलीटेक्निक के सामने, टीवी टावर रोड पर अधिक संख्या में पेड़ गिरे हैं जिन्हें हटाने और गिरे हुए बिजली पोल के मरम्मत का काम चल रहा है। पुसौर, कोड़ातराई, तमनार सहित ग्रामीण इलाकों में अलग से टीमें काम कर रही हैं। ठेकदारों की तीन टीम भी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि रविवार शाम तक पूरी बिजली व्यवस्था बहाल कर ली जाएगी। नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि शहर में अलग-अलग स्थानों पर 100 से अधिक पेड़ गिरे हैं। इन्हें पिछली रात से ही बिजली विभाग के साथ नगर निगम की टीम हटा रही है। एसडीएम प्रवीण तिवारी और तहसीलदार लोमस मिरी भी बिजली विभाग की टीम के साथ लगातार प्रभावित इलाकों में जाकर वहां बिजली व्यवस्था बहाल करवाने में जुटे हैं।

भाजपा 450 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी-उमा भारती

भोपाल, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने लोकसभा चुनाव के परिणाम पर बड़ा दावा किया है। उमा भारती का अनुमान है कि भाजपा एग्जिट पोल की भविष्यवाणी से कहीं अधिक सीटें जीतने जा रही है। हिमालय में लंबे प्रवास से लौटीं उमा भारती ने कहा है कि भाजपा 450 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। गौरतलब है कि इस बार भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है। उन्होंने पीएम मोदी की भी जमकर तारीफ की और उन्हें मसीहाई करिश्मे वाला प्रधानमंत्री बताया। उमा भारती ने काउंटिंग से एक दिन पहले सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भाजपा की प्रचंड जीत का भरोसा जताया। उमा भारती का कहना है कि हिमालय पर देशभर से आने वाले लोगों की मुलाकात के बाद उन्हें यह अनुमान हुआ है। उन्होंने लिखा, परसों एग्जिट पोल आया, उनके जो भी अनुमान हैं किंतु मेरा अनुमान साढ़े चार सौ से कम नहीं हो सकता। मैं अभी लगभग ढाई महीने हिमालय के प्रवास पर रही हूं। वहां विभिन्न राज्यों के तीर्थ यात्री और साधु संत मिले, वह मोदी जी के अलावा दूसरा नाम लेते ही नहीं थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पीएम मोदी की भी जमकर तारीफ की और कन्याकुमारी में उनके तप को लेकर कहा कि इसे कोई अलौकिक व्यक्ति ही कर सकता है। उमा ने कहा कि मोदी जी ने कन्याकुमारी में जिस तरह से तप किया।

महाराष्ट्र में चाचा की चलेगी या छाएगा भतीजा, शरद पवार के अस्तित्व के लिए अहम लोकसभा नतीजा

मुंबई, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे मंगलवार को आने वाले हैं। उससे पहले कयासों का दौर जारी है और शनिवार को आए एग्जिट पोल्स ने लोगों की धड़कनें और बढ़ा दी हैं। भले ही एग्जिट पोल्स में एनडीए को बड़ी जीत की भविष्यवाणी की गई है, लेकिन भाजपा के सहयोगी दलों में शामिल अजित पवार की एनसीपी के लिए एक टेंशन भी है। सर्वे में अनुमान लगाया गया है कि एनसीपी ने कुल 5 सीटों पर चुनाव लड़ा है, जिनमें से महज एक पर ही उसे जीत मिलने की उम्मीद है। ऐसा हुआ तो अजित पवार के लिए यह अस्तित्व के संकट की स्थिति होगी, जो चाचा शरद पवार की पार्टी तोड़कर भाजपा के साथ आए हैं और महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम बने हैं। इस नतीजे के बाद वह विधानसभा चुनाव में भी भाजपा से ज्यादा सीटों के लिए दावेदारी नहीं कर पाएंगे। वहीं लोकसभा चुनाव में अकेले 28 सीटें लड़ने वाली भाजपा विधानसभा इलेक्शन में भी ज्यादा सीटों की डिमांड करेगी। लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र को लेकर जो एग्जिट पोल्स आए हैं, उनमें भाजपा को सबसे ज्यादा सीटें दी गई हैं, जबकि अजित पवार के लिए मुश्किलें खड़ी होती दिखी हैं। एबीपी-सीवोटर के सर्वे में अनुमान है कि महाविकास अघाड़ी को 22 या 23 सीटें मिल सकती हैं, जबकि एनडीए को 26 का अनुमान है। पार्टी अनुसार बात करें तो 28 पर लड़ने वाली भाजपा को 17 सीटें मिल सकती हैं। एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 6

और अजित पवार खेमे को बस एक सीट का ही अनुमान है। अघाड़ी की बात करें तो कांग्रेस को 8, ठाकरे कैंप को 9 और शरद पवार को 6 सीटें मिल सकती हैं। एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार को भी मिल सकती है। टीवी 9 के सर्वे की बात करें तो शिंदे सेना को 4 सीटें दी गई हैं, वहीं अजित पवार खेमे के जीरो पर रहने का अनुमान है। भाजपा के 18 सीटें जीतने का अनुमान। वहीं महाविकास अघाड़ी को इस सर्वे में 25 सीटें मिलने का अनुमान है। इसमें ठाकरे कैंप को 14, एनसीपी को 6 और कांग्रेस को 5 सीटें मिलने की बात कही गई है। यदि इस तरह के सर्वे ही नतीजों में बदलते हैं तो फिर यह अजित पवार के लिए बड़ा झटका होगा। ये नतीजे शरद पवार के लिए भी बहुत उत्साह बढ़ाने वाले नहीं होंगे, लेकिन भतीजे से आगे रहने से यह जरूर साबित होगा कि एनसीपी में अब भी उनका इकबाल कायम है। चाचा और भतीजा की यह जंग इसलिए भी तीखी है क्योंकि बारामती जैसी सीट पर फैमिली ही लड़ रही है। यहां सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्र पवार के बीच मुकाबला है।

दिल्ली में पानी की कोई कमी नहीं, जल संकट के नाम पर राजनीति की जा रही है:भाजपा

नईदिल्ली, एजेंसी। एक तरफ जहां दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार लगातार पानी की कमी का मुद्दा उठा रही है तो वहीं बीजेपी ने दावा किया है कि दिल्ली में पानी की कोई कमी नहीं है। बीजेपी ने आप पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। इस बीच दिल्ली सरकार ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर अतिरिक्त पानी की मांग की है। दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी की तरफ से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा गया। उन्होंने दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री से मानसून आने तक दिल्ली को अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने की मांग की है। आतिशी ने पत्र लिखा है कि भीषण गर्मी के चलते राजधानी में पानी की मांग बढ़ी है। इसके साथ ही यमुना के जरिए दिल्ली को मिलने वाले पानी की कमी आई है। ऐसी स्थिति में दिल्ली में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि 30 मई को यमुना के जल स्तर

पर भारी गिरावट आई थी। वजीराबाद बैराज में यमुना का जल स्तर सामान्य स्थिति में 674.50 फीट होना चाहिए था, जो 670.30 फीट रह गया है। इससे पता चलता है कि यमुना के जलस्तर में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पानी सभी की जरूरत है, जिसके बिना किसी भी सूरत में काम नहीं चल सकता है। स्वच्छ पेजयल सभी लोगों का अधिकार है, लेकिन पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए जरूरी है कि दिल्ली को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो। इसके लिए जरूरी है कि पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिदिन के हिसाब से बैठक भी की जाए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आतिशी ने उल्लेख किया है कि दिल्ली सरकार अपने संयंत्रों के माध्यम से पानी की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है, लेकिन उसके बाद भी मांग के अनुरूप पानी उपलब्ध कराने में परेशानी हो रही है।

ना कोई ओटीपी ना कोई फोन, घर बैठे शख्स को लगा दिया 25 लाख का चूना

गाजियाबाद, एजेंसी। गाजियाबाद से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जालसाजों ने घर बैठे कमाई का झांसा देकर राजनगर एक्सटेंशन की सोसाइटी में रहने वाले व्यक्ति से 25.27 लाख रुपये ठग लिए। साइबर ठगों ने ऑनलाइन मुनाफा दर्शाकर मोटी रकम ट्रांसफर करा ली। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर साइबर थाना की पुलिस जांच कर रही है।

राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी सोसाइटी में रहने वाले रवीश कुमार का कहना है कि उनके व्हाट्सऐप पर अनजान नंबर से मैसेज आया। इसमें कहा गया कि वह घर बैठे अच्छी कमाई कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें गूगल पर रेस्टोरेंट और होस्टलों के लिए रिव्यू करना था। रवीश के मुताबिक उन्होंने गूगल पर एक रिव्यू किया तो खाते में 210 रुपये आया। इसके बाद उनके पास शालिनी शर्मा नाम की रिसेप्शनिस्ट प्रोफाइल का टेलीग्राम लिंक भेजकर उससे संपर्क करने के लिए कहा गया।

22 मई को उनके पास गूगल रिव्यू टीम नाम का एक टेलीग्राम लिंक भेजा गया। उन्होंने एक हजार रुपये से निवेश करना शुरू किया, जिसके बदले में उन्हें 1410 रुपये मिले। अच्छी खासी कमाई होती देख उन्होंने मोटी रकम निवेश करनी शुरू कर दी। इस तरह धीरे-धीरे करके उनसे 25.27 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। आरोप है कि वह जब भी पैसा निकालने का प्रयास करते तो कोई न शर्त रखकर उनसे और पैसा निवेश कराया जाता। ठगी का पता लगने पर उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दी। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद का कहना है कि जांच की जा रही है।

उधर मोदीनगर की भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी एक युवक को सोना-चांदी के नकली जेवरात देकर 35 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपी को बहाने से मोदीनगर बुलाकर मोदीनगर पुलिस सौंप दिया। नगर की भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी संजय जाटव की दिल्ली में आगरा निवासी एक युवक से मुलाकात हुई। युवक ने संजय को ज्वैलर्स की दुकान खोलने का सुझाव दिया। इसके बाद संजय ने युवक से करीब 35 लाख रुपये के गहने खरीदे। जब इसे लैब में चेक कराया तो नकली निकला। शनिवार को बाकी पांच लाख रुपये देने के बहाने मोदीनगर बुला लिया। इसके बाद आरोपी को पुलिस को सौंप दिया। एसीपी का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

राजस्थान में टोंक-सवाई माधोपुर का सबसे पहले आएगा परिणाम

सवाई माधोपुर, एजेंसी। राजस्थान की 25 सीटों का परिणाम मंगलवार को आ जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वोटों की गिनती 4 जून मंगलवार सुबह 8 बजे से शुरू होगीभारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज कुमार साहू ने गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतगणना तैयारियों की लोकसभा क्षेत्रवार समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के उच्चाधिकारियों ने बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना से जुडे समस्त प्रोटोकॉल का ध्यान रखने पर बल दिया। उन्होंने राज्य के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों और बागीदौरा विधान सभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव के लिए 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना कार्य के लिए आवश्यक संसाधनों की समुचित आपूर्ति पर संतोष व्यक्त किया।

25 लोकसभा में कितने राउंड की होगी पोलिंग : गंगानगर 21, बीकानेर 21, चूरू 22, झुंझुनूं 26, सीकर 21,जयपुर ग्रामीण 22, जयपुर 21, अलवर 21, भरतपुर 21, करौली धौलपुर 23, टोंक सवाई माधोपुर 20,

अजमेर 21, नागौर 22, पाली 23, जोधपुर 24, बाड़मेर 23, जालोर 25, उदयपुर 23, बांसवाड़ा 27, चित्तौड़गढ़ 23, राजसमंद 28, भीलवाड़ा 23, कोटा 24 और झालावाड़ बारा 26 राउंड पोलिंग।गुप्ता ने बताया कि मतों की गिनती की प्रक्रिया और मतगणना केंद्र की व्यवस्था के बारे में सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक कर ली गई है। राजनैतिक दलों से अपने-अपने काउंटिंग एजेंट्स की सूचियां 31 मई तक संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में आवश्यक रूप से देने को कहा गया है, जिनमें से अधिकतर ने सूची आरओ को सौंप दी है। जिन्हें अधिकृत पास जारी किया जाना प्रक्रियागत है। साथ ही राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को मतगणना संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की जा चुकी है। मतगणना उपरांत विजय जूलूस नहीं निकाले जाने, मतगणना स्थल को ईको-फ्रेंडली रखने एवं धारा-144 की पालना सुनिश्चित करने के बारे में भी विस्तार से बताया जा चुका है।

मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था गुप्ता ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी मतगणना स्थलों पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। सुरक्षा घेरे का पहला स्तर मतगणना परिसर और परिसर के चारों ओर 100 मीटर की परिधि से शुरू होगा, द्वितीय स्तर और मध्य घेरा मतगणना परिसर के गेट पर होगा। इसका संचालन सशस्त्र पुलिस द्वारा किया जाएगा। तीसरा स्तर और सबसे भीतरी घेरा मतगणना हॉल के दरवाजे पर होगा। इसका संचालन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा किया जाएगा।

टी-20 वर्ल्डकप: 2024

ओमान के खिलाफ रोमांचक सुपर ओवर में नामीबिया ने हासिल की जीत

ब्रिजटाउन, एजेंसी। नामीबिया ने सोमवार को केंसिंग्टन ओवल में रोमांचक मुकाबले में ओमान को सुपर ओवर में हराया, दोनों टीमें 40 ओवर के रोमांचक मैच में बराबरी पर थीं। डेविड विसे और गेरहार्ड इरास्मस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नामीबिया को कड़ी टक्कर देते हुए जीत दिलाई।

सुपर ओवर तक मैच बराबरी पर रहा, जहां नामीबिया ने निर्णायक रूप से नियंत्रण हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नामीबिया ने विसे के एक चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए, जबकि इरास्मस ने अंतिम गेंदों पर दो और चौके लगाए। नामीबियाई जोड़ी की आक्रामक बल्लेबाजी ने ओमान के सामने एक मुश्किल लक्ष्य रखा। विसे का शानदार प्रदर्शन सुपर ओवर में भी जारी रहा। उनकी सटीक यॉर्कर ने ओमानी बल्लेबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने नसीम खुशी का महत्वपूर्ण विकेट लिया और आखिरी गेंद पर एक्लीब इलियास के छक्के के बावजूद ओमान जवाब में केवल 10 रन ही बना सका।

नियमित मैच में नामीबिया को सुस्त पिच पर लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करते देखा गया। उन्होंने शुरुआती विकेट खो दिया और पावरप्ले के बाद रन-ए-बॉल की गति बनाए रखी। ओमान के स्पिनरों ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली, जिससे नामीबिया के लिए तेजी लाना मुश्किल हो गया। इरास्मस (13 गेंदों में 16 रन) और जेजे स्मिथ (8 गेंदों में 12 रन) दोनों ने तेज शॉट खेले, जिससे ओमान एक कमांडिंग स्थिति में आ गया। हालांकि, विसे के अंतिम ओवर में समय पर लगाए गए छक्के ने नामीबिया की उम्मीदों को जीवित रखा। अंतिम ओवर में पांच रन की जरूरत के साथ, मेहरान खान की शानदार गेंदबाजी ने खेल को सुपर ओवर में धकेल दिया।

मैच की शुरुआत में नामीबिया ने अपने टी20 विश्व कप अभियान में गेंद से शानदार शुरुआत की। टॉस जीतकर और गेंदबाजी का विकल्प चुनते हुए उन्होंने जल्दी ही ओमान को बैकफुट पर ला दिया। ट्रम्पेलमैन ने शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने पारी की पहली गेंद पर एक विकेट लिया और उसी ओवर में दूसरा विकेट लिया। उन्होंने अपने दूसरे ओवर में अपना तीसरा शिकार किया, जिससे ओमान लड़खड़ा गया। नामीबिया के स्पिनर बर्नार्ड शोल्ट्ज़ और इरास्मस ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से दबाव बनाना जारी रखा। जीशान मकसूद और खालिद कैल के कुछ प्रतिरोध के बावजूद, ओमान कोई महत्वपूर्ण गति बनाने के लिए संघर्ष करता रहा। डेथ ओवरों में विसे की चतुर गेंदबाजी और ट्रम्पेलमैन के चार विकेटों ने ओमान को कम स्कोर पर रोक दिया। अपने संतुलित आक्रमण और ठोस बल्लेबाजी लाइनअप के साथ नामीबिया इस रोमांचक जीत के बाद टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए आश्वस्त महसूस करेगा।

नामीबिया के रूबेन ट्रम्पेलमैन ने टी-20 में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

ब्रिजटाउन, एजेंसी। नामीबिया के रूबेन ट्रम्पेलमैन ने सोमवार 3 जून को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 अभियान में पहले मैच में एक नया टी20 रिकॉर्ड बनाया। 26 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी20 मैच की पहली दो गेंदों पर दो विकेट लेने वाले पहले व्यक्ति बन गए। उन्होंने बारबाडोस के ब्रिजटाउन में केंसिंग्टन ओवल में ग्रुप बी के मैच में ओमान की बल्लेबाजी इकाई को हिलाकर रख दिया।

नामीबिया ने रोमांचक मुकाबले में ओमान को सुपर ओवर में हराया, दोनों टीमें 40 ओवर के रोमांचक मैच में बराबरी पर थीं। डेविड विसे और गेरहार्ड इरास्मस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नामीबिया को कड़ी टक्कर देते हुए जीत दिलाई।

कप्तान गेरहार्ड इरास्मस द्वारा टॉस जीतने और गेंदबाजों के लिए भरपूर सहायता वाली पिच पर गेंदबाजी करने के बाद रूबेन ट्रम्पेलमैन ने पूरी ताकत से खेलते हुए शानदार शुरुआत की। नामीबिया इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकता था क्योंकि रूबेन ट्रम्पेलमैन ने खेल की पहली दो गेंदों पर सलामी बल्लेबाज कश्यप प्रजापति और कप्तान आकिब इलियास के बड़े विकेट हासिल किए।

ट्रम्पेलमैन की यह बाएं हाथ की स्विंग गेंदबाजी का मास्टरक्लास था, क्योंकि उन्होंने गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाजों की तरफ स्विंग कराया। प्रजापति को एक फुलर-लेंथ डिलीवरी पर आउट किया, जो देर से स्विंग हुई। इलियास को एक अनप्लेएबल इन-स्विंगिंग यॉर्कर का सामना करना पड़ा।

आईएसएसएफ वर्ल्डकप

निशानेबाज ईशा सिंह का शानदार प्रदर्शन, महिला 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में पहुंचीं

म्यूनिख, एजेंसी। महिलाओं की एयर राइफल में रमिता ने 633.0 अंक से चौथे स्थान पर रहकर सोमवार को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया। तिलोत्मा सेन 30वें और इलावेनिल वलारिवान 45वें स्थान पर रहीं। भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफिकेशन दौर में 293 का स्कोर बनाकर आईएसएसएफ विश्व कप के महिला 25 मीटर पिस्टल फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

ईशा ने छठे स्थान से फाइनल में जगह बनाई, जबकि हमवतन रिद्म सांगवान 281 के स्कोर से 68वें स्थान पर रहीं। महिलाओं की एयर राइफल में रमिता ने 633.0 अंक से चौथे स्थान पर रहकर सोमवार को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया। तिलोत्मा सेन 30वें और इलावेनिल वलारिवान 45वें स्थान पर रहीं।

संदीप फाइनल में जगह बनाने से चूके

संदीप सिंह 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 631.4 अंक से नौवें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। दिव्यांश पंवार 631.2 अंक से 12वें, जबकि रूद्रांक्ष पाटिल 630.7 अंक से 17वें स्थान पर रहे। अर्जुन बबुता केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए निशाना लगा रहे थे। वह 635.1 अंक के स्कोर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। वह स्पर्धा में दिन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाने वाले निशानेबाज रहे।

क्रिस वुड ने दिखाई खेल भावना पार्किंसन को नहीं किया रन आउट

नईदिल्ली, एजेंसी। क्रिस वुड ने खेल भावना दिखाते हुए उस समय सभी का दिल जीत लिया जब उन्होंने मौजूदा टी20 ब्लास्ट 2024 के हैम्पशायर और केंट के बीच मैच के दौरान मैथ्यू पार्किंसन को रन आउट नहीं करने का फैसला किया।

जॉय एविसन ने खेल के अंतिम ओवर के दौरान वुड द्वारा फुल टॉस गेंद पर शॉट खेला और नॉन-स्ट्राइकर पर खड़े पार्किंसन को गेंद लगी जो उस समय दोड़कर आधी विकेट पार कर चुके थे। गेंद लगने पर पार्किंसन तुरंत जमीन पर गिर पड़े। उस समय वुड के पास पार्किंसन को रन आउट करने का स्पष्ट मौका था क्योंकि गेंद लगने से पहले वह विकेट के आधे हिस्से में थे, लेकिन वुड ने ऐसा नहीं करने का फैसला किया। उनके इस फैसले से लोग वुड की काफी तारीफ भी कर रहे हैं।

उन्होंने इस इशारे से मजबूत नैतिक सिद्धांतों और एक अच्छे एथलीट होने के महत्व पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने उन्हें रन आउट नहीं करने का फैसला किया क्योंकि खेल लगभग समाप्त हो चुका था। मैच की बात करें तो केंट ने 20 ओवरों में 165/9 रन बनाए। इसके विपरीत क्रिस वुड बेहतरीन गेंदबाज रहे जिन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट लिए और विपक्षी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक सीमित रखने में मदद की।

टीम इंडिया का हेड कोच बनने को लेकर गौतम गंभीर ने तोड़ी चुप्पी, बोले- ये सम्मान...

नईदिल्ली, एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के साथ ही टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो रहा है. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने नए हेडकोच की तलाश भी शुरू कर दी है. बीसीसीआई ने सोमवार (13 मई) को नए हेड कोच के लिए आवेदन मंगाए थे.

वहीं आवेदन करने की लास्ट तारीख 27 मई (सोमवार) थी. रिपोर्ट के मुताबिक टीम इंडिया के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर का नाम हेड कोच की रेस में सबसे आगे है. गंभीर की मेंटरशिप में कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था. मुकाबले के बाद गौतम गंभीर और बीसीसीआई सचिव जय शाह के बीच बातचीत हुई. कहा जा रहा है कि गंभीर का नाम लगभग फाइनल है और बीससीआई की ओर से आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा हो सकती है. अब गंभीर ने भी हेड कोच बनने को लेकर ग्रीन सिग्नल दे दिया है. गंभीर ने कहा कि भारतीय टीम को कोचिंग देने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है.

गंभीर ने अबू धाबी में एक इवेंट के दौरान कहा, मैं भारतीय टीम को कोचिंग देना पसंद करूंगा. अपनी राष्ट्रीय टीम (भारतीय टीम) को कोचिंग देने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है.

गंभीर ने आगे कहा, आप 140 करोड़ भारतीयों और दुनिया भर के लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. जब आप भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो यह उससे बड़ा कैसे हो सकता है. मैं भारत को विश्व कप जीतने में मदद नहीं करूंगा, यह 140 करोड़ भारतीय हैं जो भारत को वर्ल्ड कप जीतने में मदद करेंगे.

ताईवान एथेलेटिक्स ओपन

नयना को मिली बड़ी सफलता, ताइवान में लंबी कूद में स्वर्ण जीता, अनिमेष भी स्पेन में चमके

नई दिल्ली, एजेंसी। अनिमेष कुजूर ने स्पेन में ट्रोफियो डि एटलेटिस्मो स्यूदाद डि सलामांका-मेमोरियल कार्लोस गिल पेरेज एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। 21 वर्षीय धावक ने 20.59 सेकेंड के समय से दौड़ जीती। लंबी कूद की भारत की शीर्ष खिलाड़ी नयना जेम्स ने रविवार को अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 6.43 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। वर्ल्ड एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर की कांस्य स्तर की प्रतियोगिता में 28 वर्षीय नयना ने अपने तीसरे प्रयास में दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

यह भारत के बाहर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। नयना का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6.67 मीटर है जो उन्होंने मार्च में इंडियन ओपन जंप्स प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने के दौरान किया था। उन्होंने पिछले महीने फेडरेशन कप में भी 6.53 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इस बीच भारतीय धावक अनिमेष कुजूर ने स्पेन में ट्रोफियो डि एटलेटिस्मो स्यूदाद डि सलामांका-मेमोरियल कार्लोस गिल पेरेज एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। 21 वर्षीय धावक ने 20.59 सेकेंड के समय से दौड़ जीती। इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 20.62 सेकेंड था जो उन्होंने इस महीने की शुरुआत में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान हासिल किया था। स्पेन के डेनियल रोड्रिग्ज सेरानो (20.85 सेकेंड) और माउरो ट्रियाना लोपेज (21.27 सेकेंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले अनिमेष ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 10.27 सेकेंड का अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय निकालकर चौथा स्थान हासिल किया था, जो पिछले साल मणिकांत होबलीधर द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय रिकॉर्ड से मामूली अंतर से पीछे था।

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस शिरसे ने सलामांका में ही 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.57 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। हाल ही में शिरसे ने फिनलैंड के जैवस्काइला में वर्ल्ड एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर (चैलेंजर स्तर) मीट के दौरान पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.41 सेकेंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। फ्रांस में वर्ल्ड एथलेटिक्स श्रेणी डी प्रतियोगिता लिमोज नेशनल मीटिंग में राष्ट्रमंडल खेलों के त्रिकूद स्वर्ण पदक विजेता एल्धोज पॉल ने 16.24 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि जेसी संदेश ने ऊंची कूद के खिताब के लिए 2.18 मीटर का प्रयास किया।

विश्व शतरंज रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे भारत के अर्जुन एरीगैसी

पेरिस, फ्रांस, एजेंसी। इस समय भारतीय शतरंज के युवा खिलाड़ियों का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है , डी गुकेश विश्व चैंपियनशिप के खिताब को चुनौती देने वाले है तो प्रज्ञानन्दा नें विश्व के शीर्ष खिलाड़ी कार्लसन और करूआना को पराजित करते हुए विश्व के शीर्ष 10 में अपनी जगह बना ली है तो भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरीगैसी नें फ्रेंच टॉप 16 क्लब चैंपियनशिप में लगातार चार जीत के साथ अपनी लाइव रेटिंग 2771 तक पहुंचाते हुए विश्व रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल कर लिया है , उन्होने यान नेपोमनिशी को पीछे छोड़ते हुए यह कारनामा किया है और ऐसा करने वाले वह विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे खिलाड़ी बन गए है । अर्जुन नें इस टूर्नामेंट में मेज़ फिशर टीम की ओर से खेलते हुए पहले राउंड में पेंटाला हरीकृष्णा , दूसरे राउंड में कुनैन वितालय , तीसरे राउंड में आलोन्सो रोसेल और चौथे राउंड में लोइक त्रावडोन को मात देते हुए लगातार चार जीत दर्ज की है ।

छह जून के बाद खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है, कोच स्टिमक ने दिया चौंकाने वाला बयान

नई दिल्ली, एजेंसी। छह जून को खेले जाने वाले मैच में भारतीय टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। यह मुकाबला करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री का अंतिम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच होगा। भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने छह जून को कुवैत के खिलाफ होने वाले मैच से पहले बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि छह जून को खेले जाने वाले फीफा विश्व कप क्वालिफायर मैच के बाद खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। फीफा विश्व कप क्वालिफायर के दूसरे दौर के घरेलू चरण के मैच में भारत साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ेगा। इसके बाद भारतीय टीम का सामना 11 जून को कतर से उनकी ही सरजमीं पर होगा।

गुवाहाटी में अपनी सरजमीं पर हुए मैच में

फीफा वर्ल्डकप

भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। टीम फिलहाल रैंकिंग में 121वें स्थान पर बनी है। इसके बावजूद भारत पहली बार 2026 विश्व कप के क्वालिफायर के तीसरे दौर में प्रवेश कर सकता है। स्टिमक ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से कहा, यह बड़ा मुकाबला है।

इस मैच से खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। मैं चाहता हूं कि वे अपने खेल का लुत्फ उठायें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। छह जून को खेले जाने वाले मैच में भारतीय टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। यह मुकाबला करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री का अंतिम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच होगा। स्टिमक ने आगे कहा, इस महत्वपूर्ण मैच के लिए हमें स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग, मैच की अहमियत, मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास के संबंध में कुछ चीजें करनी होंगी। इसलिये हम अपने खिलाड़ियों के लिए हर पहलू पर काम करेंगे ताकि वे इस मैच के लिए अपनी शीर्ष फॉर्म में रहें। भारतीय टीम को छह मैच में हार का सामना करना पड़ा है। हैरानी की बात यह है कि उन्होंने इन मुकाबलों में सिर्फ एक गोला दागा है।

मुख्य कोच ने कहा, इस मैच की तैयारी के लिए दो अहम चीजे हैं। पहले तो यह मैच जीतना बहुत महत्वपूर्ण है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हमें बहुत चतुराई से खेलने की जरूरत होगी। हमें संयम की जरूरत होगी। अगर हम पहले आधे घंटे में गोल नहीं करते हैं तो हमें समझदारी से एकजुट होकर बेहतरीन फुटबॉल खेलनी होगी। ये सभी चीजें काफी अहम हैं और हमें इनके लिए तैयार होना होगा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम की प्रो लीग में करारी शिकस्त, ग्रेट ब्रिटेन ने 1-3 से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी। ग्रेट ब्रिटेन के लिए बंडुराक निकोलस ने दो (दूसरे और 11वें मिनट में) गोल किए। मेजबान टीम के लिए कैलनन विल (47वें मिनट) ने भी एक गोल किया। वहीं, भारत के लिए सिर्फ एक गोल अभिषेक ने किया।

एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के अपने दूसरे मैच में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। रविवार को मेजबान ने भारत को 1-3 से हराया। शनिवार को हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-0 से हराया था लेकिन रविवार को भारतीय टीम अपनी जीत की लय बरकरार रखने में नाकाम रही। ग्रेट ब्रिटेन के लिए बंडुराक निकोलस ने दो (दूसरे और 11वें मिनट में) गोल किए। मेजबान टीम के लिए कैलनन विल (47वें मिनट) ने भी एक गोल किया। वहीं, भारत के लिए सिर्फ एक गोल अभिषेक ने किया। उन्होंने 35वें मिनट में गोल किया। भारत को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इनमें से किसी को भी गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

भीषण जल संकट के बीच में भी जेके सीमेंट का निर्माण कार्य लगातार जारी

बिना अनुमति के केन नदी का पानी ले रही सीमेंट कंपनी, जिला प्रशासन की रोक का नही है कोई असर

आम जन तथा वन्य जीव, पशु पक्षि भी पानी के लिए परेशान

पन्ना। जिले के अमानगंज एवं सिमरिया तहसील अंतर्गत हरदुआ मे स्थित जेके सीमेंट कंपनी की मनमानी लगातार जारी है। शासन के द्वारा निर्धारित नियम कानून को ताक मे रखकर मनमाने ढंग से कार्य कर रही है। वर्तमान समय मे जब पूरे जिले मे पेयजल संकट छाया हुआ है तथा जल श्रोतो से व्यवसाईक कार्य के लिए पानी लेना प्रतिबंधित कलेक्टर के आदेश से किया गया है। लेकिन उसके बावजूद कंपनी द्वारा बिना अनुमति के केन नदी के अन्दर इन्टेक बेल बनाकर बडे बडे पंप लगाकर पानी खीचा जा रहा है। सेकंड यूनिट का निर्माण जोरों पर किया जा रहा है, जिसके लिए प्रतिदिन केन नदी का सैकडो गेलन पानी उपयोग किया जा रहा है। जबकि भीषण जल संकट की वजह से पन्ना जिला को जल अभावग्रस्त घोषित किया गया था। बोर उत्खनन, भवन निर्माण, वाहनों की धुलाई, सार्वजनिक जल स्त्रोतों से सिंचाई एवं अत्यधिक जल उपयोग वाले अधिकांश कार्य प्रतिबंधित हैं, ऐसे भीषण जलसंकट में जेके सीमेंट प्रबंधन के द्वारा खुलेआम केन नदी का पानी बेतहाशा खींचा जा रहा है जिससे नदी की जलधारा समय से पहले टूट रही है, क्षेत्र के जल श्रोत कुआं, बावड़ी, तालाब, बोर, हेण्डपंप भी जवाब देने लगे हैं। ऐसे में इंसानों के साथ-साथ पशु पक्षियों और पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणियों पर भी जल संकट की आशंका जताई जा रही है। जेके सीमेंट पर मेहरबान प्रशासन की मनमानी व तानाशाही दिन पर दिन बढ़ रही है। शासकीय भूमि, पंचायत की भूमि या किसानों की भूमि में कहीं और कभी भी उत्खनन शुरू कर दिया जाता है, कंपनी के भारी भरकम वाहन सड़कों के दोनों तरफ खड़े रहते हैं जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। रात्रि में छोड़ी जाने वाली फैक्टरी की डस्ट से क्षेत्रवासी बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। सेकंड यूनिट निर्माण के बाद और बढ़ेगी मुसीबत ज्ञात हो कि जेके सीमेंट कंपनी की अभी हाल एक यूनिट चल रही है, जिससे प्रतिदिन लगभग 1000 वाहन आवागमन करते हैं, जिसमें सीमेंट परिवहन करने वाले ट्रक, क्लिंकर परिवहन करने वाले ट्राला, राखड़ परिवहन करने वाले बल्कर एवं अन्य वाहन शामिल हैं। जो सिंगल रोड होने के कारण हादसों में बढ़ोतरी का कारण बने हुए हैं। सेकंड यूनिट चालू होने के बाद वाहनों की संख्या दोगुनी हो जाएगी जिससे हादसों में भी बढ़ोतरी होगी, बताया गया है कि जेके सीमेंट कंपनी के द्वारा तीन यूनिट संचालित किया जाना है अभी सिंगल युनिट चल रही है और दूसरे यूनिट का निर्माण कार्य चल रहा है, दूसरी युनिट का निर्माण पूर्ण होने के बाद तीसरी युनिट का निर्माण प्रारंभ होगा और जब तीसरी युनिट शुरू होगी तो यहां वाहनों की संख्या के साथ क्षेत्र वासियों की मुसीबत भी कई गुना बढ़ जाएगी। समस्याओं को अनदेखा कर रहा जेके सीमेंट प्रबंधन जिस प्रकार जेके सीमेंट प्रबंधन फैक्ट्री एवं उत्पादन में वृद्धि कर रहा है उस हिसाब से सड़कों, ट्रैफिक एवं अन्य व्यवस्थाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं की जा रही जिससे जागरूक नागरिक चिंतित है। क्योकि आये दिन सडक हादसे हो रहें है तथा लोगो की जाने जा रही है। जिस प्रकार प्रबंधन द्वारा युनिटे बढाई जा रही है, उस दिशा मे अन्य संसाधन विकसित नही किये जा रहें है और न ही स्थानीय लोगो को रोजगार एवं अन्य प्रकार की सुविधाए उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त कंपनी से सिर्फ जिले के कुछ बडे नेताओ एवं बडे अधिकारीये को ही लाभ हो रहा है। आम क्षेत्रीय लोगो को उक्त कंपनी से कोई लाभ नही है। सभी कर्मचारी तथा वाहन अन्य प्रान्तो के लगे हुए है। स्थानीय लोगो को किसी प्रकार की भागीदारी नही दी गई है।

9 पंजीयन केन्द्रों पर होगा उड़द का पंजीयन

पन्ना। शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में ग्रीष्मकालीन फसल उड़द के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए आगामी 5 जून तक पंजीयन करने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में जिले में तहसीलवार 9 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। निर्धारित पंजीयन स्थलों में मण्डी अजयगढ़, पन्ना, देवेन्द्रनगर, गुनौर, अमानगंज, पवई एवं सिमरिया और पैक्स शाहनगर एवं रैपुरा शामिल हैं। अजयगढ़ तहसील में विपणन सहकारी समिति मर्या. अजयगढ़, पन्ना तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. मड़ला, देवेन्द्रनगर तहसील में जवाहर विपणन सहकारी समिति मर्या. देवेन्द्रनगर, गुनौर तहसील में जवाहर विपणन सहकारी समिति मर्या. गुनौर, अमानगंज तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. अमानगंज, पवई तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. पड़रियाकला, सिमरिया तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. करिया, शाहनगर तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. शाहनगर तथा रैपुरा तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. रैपुरा द्वारा पंजीयन कार्य किया जाएगा।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

पन्ना। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आज सुबह छत्रसाल स्टेडियम पन्ना के इनडोर हॉल क्रमांक 02 में समापन हुआ। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार भी उपस्थित रहीं। जिला खेल अधिकारी राजेन्द्र कोष्टा द्वारा प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के बारे में जानकारी से अवगत कराया गया। बताया गया कि जिला मुख्यालय पर विगत 02 मई से एक जून तक 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में युवा खिलाड़ियों ने अलग-अलग खेल गतिविधियों में उत्साह के साथ सहभागिता की। इसके अतिरिक्त समस्त विकासखण्ड मुख्यालय में भी शिविर का आयोजन हुआ।

जिला मुख्यालय में 221 और विकासखण्ड मुख्यालयों में 229 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने उपस्थित होकर हॉकी, एथलेटिक्स, वॉलीबाल, खो-खो, कबड्डी, मलखम्भ, मार्शल आर्ट, फुटबॉल, बास्केटबॉल खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में खेल और युवा कल्याण विभाग से प्रशिक्षक राहुल गुर्जर एवं प्रकाश कुमार अहिरवार, लिपिक धीरज वर्मा एवं रामचरण खंगार, समन्वयक अजयगढ़ प्रीति श्रीवास रजक, समन्वयक पन्ना राजाभईया कारपेंटर, वुशू संघ के इरफान खान, पीटीआई लारेंस एट्स सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे। खेल अधिकारी ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। प्रशिक्षकों को ट्रैकशूट, टी-शर्ट एवं खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मनोज केशरवानी एवं संजय सोनी द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के दौरान स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

रुंझ नदी में डूबने से नौ वर्षीय बालक की मौत

पन्ना। जिले के धरमपुर थाना अन्तर्गत खोरा ग्राम के निवासी रजनीश लोधी के पुत्र शुभम लोधी उम्र नौ वर्ष की नदी मे डूबने से मौत हो गई है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बालक के परिजन शुद्धता के लिए गए हुये थे वापस घर पहुंचे तो शुभम लोध पिता रजनीश लोध उम्र 9 वर्ष निवासी खोरा घर में नहीं मिला परिजनों के द्वारा बालक की तलाश शुरू की गई लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला, तभी पता चला कि शुभम नहाने के लिए रुंझ नदी के चकला घाट की तरफ गया था, बालक की तलाश में जब परिजन नदी किनारे पहुंचे तो घाट पर बालक के कपड़े देख कर किसी अनहोनी की आशंका से घबरा गए, क्योंकि बालक का कहीं दूर-दूर तक नामो निशान नहीं था, परिजनों ने ग्रामीणों की सहायता से बालक को पानी में तलाशना शुरू किया जिससे कुछ ही देर में नदी में बालक का शव मिल गया जिसे निकालकर धरमपुर थाना पुलिस को सूचना दी गई, पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम करवा कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है, एवं मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। उक्त घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है एवं गांव में मातम का माहौल व्याप्त है।

जिला अभीभाषक संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी का ब्राम्हण समाज द्वारा किया गया स्वागत

पन्ना। बार एशोसिएशन के निर्वाचन गत दिवस संपन्न हुए, जिसमे वरिष्ट अधिवक्ता राजेश तिवारी अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए जिसको लेकर ब्राम्हण समाज मे उत्साह का माहोल है। जिसको लेकर उनका स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो मे राजीव तिवारी, राम दुलारे शुक्ला, रावेन्द्र द्विवेदी, देवशरण शर्मा, बीडी उर्मलिया, आनन्द त्रिपाठी, महेन्द्र द्विवेदी, वीरेन्द्र राकेश कुमार तिवारी, अजय तिवारी, अभय शर्मा, कल्पना चनपुरिया, मीना तिवारी, रिचा द्विवेदी, योगेश पान्डेय, अरविन्द पान्डेय, केपी पान्डेय सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

जलकुंभी से पटा प्राचीन बेनीसागर तालाब, दुर्दशा को लेकर पूर्व मंत्री कुसुम महदेले ने जताई चिंता

नगर पालिका की उदासीनता को लेकर सवाल किये खड़े

पन्ना। नगर के बीचों बीच प्राचीन बेनीसागर तालाब की हालत बहुत खराब हो चुकी है वह पूरी तरह से जलकुंभी से पट चुका है। अभी तीन चार दिन पहले जरुर नगर पालिका परिषद ने उसकी साफ सफाई का अभियान शुरू किया है। अचानक बेनीसागर तालाब के रास्ते से प्रदेश शासन की पूर्व केबिनेट मंत्री भाजपा की वरिष्ठ नेता सुश्री कुसुम सिंह महदेले निकली तो उन्होने प्राचीन बेनीसागर तालाब की दुर्दशा देखकर उनके द्वारा अपने एक्स पर पोस्ट कर लिखा गया कि बेनीसागर तालाब की जलकुंभी और कचरा साफ करने की नौटंकी करके फोटो खिंचवाई गई तथा समाचार पत्रो मे समाचार प्रकाशित कराये गये तथा अपनी पीठ थपथपाते हुए प्रचार प्रसार किया गया। जबकी तालाब की स्थिती जस की तस बनी हुई है, और वह तालाब अपनी किस्मत पर रो रहा है। पूर्व मंत्री सुश्री महदेले ने अपनी दूसरी पोस्ट पर लिखा कि पन्ना शहर में स्थित बेनीसागर तालाब पुरा जलकुंभी से पट गया है किंतु इस पर ना तो जनता अथवा किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं जा रहा है और न ही नगर पालिका द्वारा सफाई को लेकर किसी प्रकार की पहल की जा रही है। तालाब का पानी पूरी तरह प्रदूषित हो गया है जिससे कुछ दिन बाद प्राचीन तालाब समाप्त हो जाएगा। उन्होने जिला प्रशासन से ध्यान देने की मांग की है। उन्होने आंगे कहा की शहर हमारा है इसमें सभी को जागरूक होना पड़ेगा यदि हम ऐसी प्राचीन धरोहरों को नहीं बचा पाए तो हमारे आगे की पीढ़ी के साथ क्या न्याय करेगें। उन्होंने कहा कि 3 जून को सांसद विष्णु दत्त शर्मा आ रहे हैं हम उनके पास जाएंगे उनसे कहेंगे कि वह हमारे साथ चलें और इस तालाब को बचाने के लिए कुछ करें उल्लेखनीय है कि शहर के जो तालाब है उनके रखरखाव के लिए शहरवासियों को आगे आकर काम करने की आवश्यकता है क्योंकि हमारे शहर के जो प्राचीन धर्मसागर, लोकपाल सागर, निरपत सागर, महाराज सागर आदि जो तालाब है उनका जल स्तर को बढ़ाने में बेनी सागर तालब की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

उपयंत्री संजीव जैन का कारनामा, बिना स्वीकृति आदेश के बन गई फसल सुरक्षा दीवार

पन्द्रह लाख का हो गया फर्जीवाड़ा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नोटिस किया जारी

पन्ना। जिले के विभिन्न विभागो मे मनमाने ढंग से शासकीय राशि को ठिकाने लगाया जा रहा है तथा वर्षो से जमे अधिकारी कर्मचारीयो द्वारा वरिष्ट अधिकारीयो तथा शासन के आदेशो को भी रद्दी की टोकरी मे डालते हुए निर्माण एवं विकास कार्यो मे जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत बृजपुर का प्रकाश मे आया है। जहां पर बिना मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की स्वीकृति आदेश के बिना लगभग पन्द्रह लाख की लागत से फसल सुरक्षा दीवार का निर्माण कर दिया गया तथा उक्त कार्य की संपूर्ण राशि भी खर्च कर दी गई। यह मामला जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आईएएस संघ प्रिय के संज्ञान मे आने पर उन्होने उपयंत्री संजीव जैन को नोटिस जारी करते हुए जवाब देने के निर्देश दिये थें। लेकिन जवाब देने की तिथि भी निकल गई। उनके द्वारा आज दिनांक तक जवाब भी नही दिया गया है। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत पन्ना के आदेश क्रमांक 7622 एमजीएनआरईएस/ एमआईएस /2022 दिनांक 05/12/2022 को तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किये गये थें कि बिना अधोहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के जिले मे फसल सुरक्षा दीवार के कार्य प्रारंभ नही किये जाये और न ही मस्टर रोल जारी किये जाये। इसके बावजूद संबंधित चतुर चालक उपयंत्री संजीव जैन द्वारा उक्त कार्य को अनाधिकृत रूप से स्वीकृत कराया गया तथा 14 लाख 88 हजार 588 की राशि की एवज मे बारह लाख सतासी हजार सात सौ सत्ताईस हजार की राशि खर्च करते हुए कार्य को पूर्ण दर्शाया गया है। उक्त कार्य ग्राम पंचायत बृजपुर मे कल्याण गोड के खेत के पीछे जवाहर गौड़ के खेत की और फसल सुरक्षा दीवार का निर्माण किया गया है। मामले को लेकर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने 20.05.2024 को पत्र क्रमांक 598 के माध्यम से नोटिस जारी किया गया है तथा स्पष्टी करण देने की तारीख 27 मई निर्धारित की गई थी। इस प्रकार से जिले मे निर्माण कार्य किये जा रहें है। गौरतलब है कि यदि तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा उक्त कार्य कराने की स्वीकृति नही दी गई तो आखिर किसके द्वारा उक्त स्वीकृति जारी की गई। यह एक जांच का विषय बना हुआ है। आंगे देखना है संबंधित उपयंत्री के खिलाफ क्या कार्यवाही की जाती है। ज्ञात हो कि पन्ना जनपद पंचायत मे लगभग 25 वर्ष से पदस्थ उपयंत्री संजीव जैन द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतो मे रह कर निर्माण तथा विकास कार्यो मे जमकर भ्रष्टाचार किया गया है तथा इनका अन्य जिलो मे स्थानान्तरण भी नही हुआ है। व्याप्क स्तर पर इन्होने संपत्ति भी एकत्रित की है। स्थानीय लोगो ने जिले के वरिष्ट अधिकारीयो से संबंधित उपयंत्री के खिलाफ संपत्ति की जांच कराने तथा कार्यवाही करने की मांग की है।

गौ तस्करों को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

पन्ना

पन्ना जिले में सैकड़ा भर से अधिक गौशालाओं के निर्माण के बावजूद गोवंश आवारा घूम रहा है जिससे गौ तस्करी का काला कारोबार लगातार फल फूल रहा है। बीती रात अवैध गोवंश से ठूंस-ठूंस पूछ कर भरे 4 पिकअप वाहन निकालने की सूचना पर बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सिद्धार्थ शर्मा, नगर उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद अभिराज बुंदेला, विद्यार्थी प्रमुख बजरंग दल दुर्गेश जाटव, नगर सहसंयोजक दीपेंद्र सिंह परमार, अमित सेन, पीयूष मिश्रा, रोहित बर्मन, दिनेश कुशवाहा आदि के द्वारा ग्राम पटी बजरिया के पास पहुंचकर संदिग्ध पिकअप वाहन को रोका गया जिसमें बुरी तरह से मुंह पैर एवं सींगों को बांधकर भरे गए चार बैल पाए गए, पूछताछ पर कोई दस्तावेज एवं अन्य जानकारी नहीं मिलने पर गोवंश से भरा पिकअप वाहन और चालक सहित एक अन्य को सिविल लाइन चौकी पुलिस पन्ना के हवाले कर दिया, कार्रवाई के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के अलावा, सिविल लाइन चौकी प्रभारी पन्ना शक्ति प्रकाश पाण्डेय, आरक्षक वीरेंद्र सिंह यादव, सर्वेंद्र कुमार सहित कई पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

मतगणना अभिकर्ताओं का हुआ प्रशिक्षण

पन्ना। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में रविवार को लोकसभा निर्वाचन की मतगणना के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराने के लिए मतगणना अभिकर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. आनंद चौरसिया एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. बृजेश दोहरे द्वारा एजेंट को प्रशिक्षित कर मतगणना संबंधी बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में अभ्यर्थी और चुनाव प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

समूह संचालको के भोजन राशि का भुगतान न करने वाले मदतान दल के कर्मचारियो को नोटिस जारी

खाना खाने आये कर्मचारी ने नही चुकाया पैसा

पन्ना। संपन्न हुए लोकसभा निर्वाचन मे विभिन्न केन्द्रो मे मतदान दल पंहुचे थें जिनके भोजन की व्यवस्था स्व:सहायता समूहो द्वारा की गई थी। जिसकी एवज मे संबंधित मतदान दलो के कर्मचारीयों को चुनाव आयोग द्वारा भोजन राशि आवंटित की गई थी। जो स्व सहायता समूहो को भुगतान कर्मचारीयो द्वारा की जानी चाहीए थी। लेकिन कुछ मतदान दल के कर्मचारीयो द्वारा समूहो के माध्यम से दो दिन तक भोजन का लुप्त उठाया लेकिन उन्हे राशि भुगतान नही की। जिसको लेकर समूहो संचालको द्वारा जिला निर्वाचन कार्यलय मे शिकायत की गई थी। जिसमे मतदान केन्द्र क्रमांक 221 माध्यमिक शाला रगोली एवं 222 प्राथमिक शाला रगोली के लोक सेवको द्वारा समूहो से चाय, नास्ता, एवं भोजन प्राप्त किया तथा संबंधितो को राशि नही दी गई। मतदान केन्द्र क्रमांक 221 के पीठासीन अधिकारी संजय सोनी, सियाराम चौधरी तथा राम दयाल राजपूत एवं प्राथमिक शिक्षक रोहित यादव तथा केन्द्र क्रमांक 222 के पीठासीन अधिकारी लोकेन्द्र सेन शिक्षक, गरूण प्रसाद उर्मिलिया, पवन राज तथा भीमगाथा डोगरे द्वारा राशि भुगतान नही की गई। जिन्हे अपर कलेक्टर तथा उपनिर्वाचन अधिकारी द्वारा नोटिस जारी करते हुए तत्काल राशि भुगतान करने के निर्देश जारी किये गये है।

नदी किनारे अज्ञात शव मिलने से हड़कंप, अवैध हीरा खदान धंसने से मौत की आशंका

पन्ना। पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत विश्रामगंज में निर्माणाधीन रुंझ डेम के पास वन विभाग के कर्मचारी को नदी किनारे अज्ञात लाश मिलने से हड़कंप मच गया, मामले की सूचना अजयगढ थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी में दबे शव को जेसीबी से निकलवा कर शिनाख्त का प्रयास किया गया एवं पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए अजयगढ़ के पीएम हाउस भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त नहीं होने से अंतिम संस्कार हेतु नगर परिषद सीएमओ को पत्र भेजा गया है। एवं शव की शिनाख्त कराने ग्रामीणों को सूचना दी गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग पीएम हाउस पहुंचे। पुलिस के अनुसार शव के पास से छन्ना, सब्बल आदि सामग्री मिली है जिससे आशंका जताई जा रही है कि नदी किनारे अवैध हीरा खदान की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से उक्त व्यक्ति दब गया होगा एवं दम घुटने से मौत हो गई होगी, लेकिन अज्ञात व्यक्ति के मौत की सच्चाई पीएम रिपोर्ट और पुलिस विवेचना के बाद ही सामने आ सकेगी।

हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की पूरक परीक्षा 8 से 20 जून तक

कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

पन्ना

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल द्वारा सत्र 2023-24 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की पूरक परीक्षा आगामी 8 से 20 जून तक आयोजित की जाएगी। जिले में निर्धारित 05 परीक्षा केन्द्रों पर पूरक परीक्षा सुबह 8 से 11 बजे तक होगी। पूरक परीक्षा की गोपनीय सामग्री मंडल द्वारा 3 जून को पहुंचाई जाएगी। कलेक्टर सुरेश कुमार ने 6 जून को जिला समन्वयक संस्था शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय, इन्द्रपुरी कॉलोनी, पन्ना से जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन से सुरक्षा व्यवस्था के साथ सामग्री प्रेषण व वितरण के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया है। साथ ही मंडल के निर्देशों के परिपालन में समन्वयक संस्था से गोपनीय सामग्री वितरण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त गोपनीय सामग्री पुलिस थाने से निकालने के लिए भी कलेक्टर प्रतिनिधि की नियुक्ति की गई है। पुलिस थाना सलेहा के लिए नायब तहसीलदार राजेश मेहरा, पुलिस थाना/चौकी खोरा के लिए नायब तहसीलदार खेमचन्द्र यादव, पुलिस थाना पवई के लिए प्रभारी तहसीलदार प्रीति पंथी और पुलिस थाना रैपुरा के लिए प्रभारी तहसीलदार मणिराज सिंह बागरी को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त कर दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने संवेदनशील परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा. विद्यालय खोरा में प्रेक्षकीय कार्य के लिए जिला संयोजक आर.के. सतनामी को दायित्व सौंपा है।

परीक्षा केन्द्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बोर्ड की पूरक परीक्षाओं के लिए जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा केन्द्र उत्कृष्ट आर.पी. उ.मा. विद्यालय पन्ना के लिए जनपद पंचायत सीईओ पन्ना को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह शासकीय उ.मा. विद्यालय सलेहा के लिए जनपद पंचायत सीईओ गुनौर को, शासकीय उ.मा. विद्यालय कृष्णगढ़ के लिए जनपद पंचायत सीईओ पवई को, शासकीय उ.मा. विद्यालय रैपुरा के लिए जनपद पंचायत सीईओ शाहनगर को तथा शासकीय उ.मा. विद्यालय खोरा के लिए जनपद पंचायत सीईओ अजयगढ़ को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा के सफल संचालन एवं नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता दल भी गठित किए गए हैं। शासकीय उत्कृष्ट आर.पी. उ.मा. विद्यालय पन्ना के लिए गठित उड़नदस्ता दल में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी एवं प्रभारी तहसीलदार अखिलेश प्रजापति, सलेहा के लिए एसडीएम रामनिवास चौधरी एवं प्रभारी तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय, कृष्णगढ़ के लिए एसडीएम श्रुति अग्रवाल एवं प्रभारी तहसीलदार प्रीति पंथी, रैपुरा के लिए एसडीएम श्रुति अग्रवाल एवं प्रभारी तहसीलदार मणिराज सिंह बागरी और खोरा के लिए एसडीएम कुशल सिंह गौतम एवं प्रभारी तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार को उड़नदस्ता में शामिल किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 04 जून 2024 | 8

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है एवं सड़क के किनारे रोड पर दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाया गया।

इंजीनियरिंग कालेज में मतगणना की सभी तैयारियाँ पूर्ण

कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी मतगणना

रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा क्षेत्र की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी। लोकसभा क्षेत्र में शामिल रीवा तथा मऊगंज जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 जून को इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। मतगणना की सभी तैयारियाँ पूर्ण हो गई हैं। मतगणना प्रातः 8 बजे से आरंभ होगी। मतगणना केन्द्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि उम्मीदवारों तथा प्रेक्षकों की उपस्थिति में प्रातः स्ट्रांग रूम खोले जायेंगे। सहायक रिटर्निंग आफीसरों द्वारा मतगणना तथा स्ट्रांग रूम खोले जाने की लिखित सूचना उम्मीदवारों को दी गयी है। स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईव्हीएम ले जाने के लिए पृथक से दल तैनात किया गया है। अधिकारियों की निगरानी में ईव्हीएम मतगणना कक्ष तक जायेंगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतगणना कक्ष बनाए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रातः 5 बजे प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतगणना कर्मियों का रेण्डमाइजेशन किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 5.30 बजे स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। मतगणना कर्मी प्रातः 6 बजे तक मतगणना कक्ष में पहुंच जाएंगे। मतगणना एजेंटों को प्रातः 6 बजे से प्रातः 6.30 बजे तक निर्धारित स्थलों से गणना केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। मनगवां विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 15 टेबिलों में होगी। शेष सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 14-14 टेबिलों में होगी। प्रत्येक टेबिल में मतगणना सहायक, माइक्रो प्रेक्षक, सुपरवाइजर तैनात रहेंगे। ईव्हीएम से मतगणना प्रातः 8 बजे आरंभ हो जाएगी। डाक मतपत्र तथा ईटीपीबीएस की मतगणना के लिए पृथक कक्ष निर्धारित किया गया है। इसमें भी सहायक रिटर्निंग आफीसर की निगरानी में मतगणना एजेंटों की उपस्थिति में डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी। अंतिम परिणाम मिलने तक मतगणना लगातार जारी रहेगी। प्रत्येक चक्र की गणना पूरी होने के बाद रिटर्निंग आफीसर द्वारा हस्ताक्षर के बाद इसे इनकोर पोर्टल पर आनलाइन दर्ज कर दिया जायेगा। इसके बाद कोई भी व्यक्ति निर्वाचन आयोग की वेबसाइट तथा एप पर परिणाम देख सकता है। मीडिया सेंटर में भी प्रत्येक चक्र के परिणाम विधानसभावार प्रदर्शित किये जायेंगे। मतगणना केन्द्र में केवल वैध प्रवेश पत्रधारियों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

मतगणना की विधानसभावार तथा चक्रवार जानकारी देने के लिए मीडिया सेंटर बनाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग से प्राधिकार पत्र प्राप्त पत्रकारों को मीडिया सेंटर में जाने की अनुमति होगी। मतगणना केन्द्र में उम्मीदवारों तथा उनके मतगणना एजेंटों को प्रवेश करने की अनुमति रहेगी। मतगणना की चक्रवार जानकारी देने के लिए पृथक से टीम तैनात की जाएगी। मतगणना केन्द्र में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। केवल निर्धारित स्थलों से ही प्रवेश पत्रधारियों को प्रवेश दिया जाएगा।

मतगणना केन्द्र में पेयजल व्यवस्था के लिए अधिकारी तैनात

रीवा। लोकसभा निर्वाचन की मतगणना 4 जून को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। लगातार अधिक तापमान को देखते हुए मतगणना केन्द्र तथा इसके परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि पेयजल व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन यंत्री पीएचई को दी गई है। विधानसभावार मतगणना कक्षों में पीएचई विभाग के कर्मचारी गणना कर्मियों को टेबिल तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएंगे। मतगणना केन्द्र के अन्य कक्षों तथा मीडिया सेंटर में भी पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन तथा शस्त्रों पर रहेगा प्रतिंबध

रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा क्षेत्र की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी। लोकसभा क्षेत्र में शामिल रीवा तथा मऊगंज जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 जून को इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। मतगणना के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किये गये हैं। इस संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्र में केवल मतगणना कर्मचारी, उम्मीदवार तथा उनके अनुमति प्राप्त मतगणना एजेण्ट एवं निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन कार्यालय से जारी प्रवेश पत्रधारी मीडियाकर्मी ही प्रवेश पा सकेंगे। मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना केन्द्र में किसी भी तरह के विस्फोटक अस्त्र-शस्त्र का भी प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी उम्मीदवार को शस्त्र सुरक्षा प्राप्त है तो केवल उम्मीदवार को ही प्रवेश मिलेगा। उनके सुरक्षाकर्मी को मतदान केन्द्र प्रवेश नहीं मिलेगा। मतगणना केन्द्र में धूम्रपान पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। मतगणना केन्द्र में आने वाले अधिकारी-कर्मचारी उम्मीदवार तथा उनके मतगणना एजेण्ट अपने प्रवेश पत्र साथ रखें। अपने साथ मोबाइल फोन, धूम्रपान सामग्री तथा किसी तरह का भोजन पदार्थ साथ लेकर न आएं।

मतगणना स्थल पर अधिकृत व्यक्ति ही पा सकेंगे प्रवेश

रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में शामिल सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जा रहे हैं। मतगणना हाल के अंदर केवल अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जाएगा। इनमें गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक, निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्ति, निर्वाचन के संबंध में कर्तव्यरूढ़ लोकसेवक एवं उम्मीदवार तथा उनके निर्वाचन और गणना अभिकर्ता शामिल रहेंगे। मतगणना केन्द्र परिसर में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मतगणना एजेंटों, मतगणना में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पत्रकारों को निर्धारित स्थल से ही मतगणना केन्द्र परिसर में प्रवेश दिया जायेगा। कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार निर्वाचन के संबंध में कर्तव्यरूढ़ लोकसेवक के अंतर्गत सामान्य रूप से पुलिस अधिकारी नहीं आते हैं, ऐसे अधिकारियों को चाहे वे वर्दी में हों, या सादी वर्दी में, सामान्य नियमानुसार काउंटिंग हॉल के अंदर आने की अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक कि उन्हें कानून और व्यवस्था बनाए रखने या किसी भी प्रकार के अन्य प्रयोजन से अंदर बुलाने का निर्णय न लिया जाए। इसी तरह केन्द्र और राज्यों के मंत्री, राज्य मंत्री और उप मंत्री भी इस श्रेणी में नहीं आते। वे काउंटिंग हॉल में केवल अभ्यर्थी के रूप में ही आ सकते हैं। आयोग के नये निर्देशों के अनुसार उनकी नियुक्ति निर्वाचन या गणना अभिकर्ताओं के रूप में नहीं की जा सकती, क्योंकि वे गनमैन की सुरक्षा में होते हैं। इसलिए उन्हें काउंटिंग हॉल में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। किसी भी परिस्थिति में गणना के स्थान में अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाए। केवल वैध प्रवेश पत्रधारी व्यक्ति ही मतगणना स्थल में प्रवेश कर सकेंगे।

द्वितीय रेण्डमाइजेशन संपन्न

रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के लिये नियुक्त मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय रेण्डमाइजेशन कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में संपन्न हुआ। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के विधानसभा क्षेत्रवार नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में रेण्डमाइजेशन के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल सहित संबंधित विधानसभा के रिटर्निंग आफीसर उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मतगणना कार्य में रिजर्व सहित 539 कर्मचारियों, अधिकारियों को लगाया गया है।

मतगणना केन्द्र में निर्धारित स्थलों से मिलेगा प्रवेश, वाहनों की पार्किंग तय स्थल में होगी

रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा क्षेत्र की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी। लोकसभा क्षेत्र में शामिल रीवा तथा मऊगंज जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 जून को इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। मतगणना केन्द्र परिसर में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम संस्कृति जैन ने बताया कि मतगणना केन्द्र में अधिकारियों, कर्मचारियों, मतगणना दल के सदस्यों, उम्मीदवारों तथा उनके मतगणना एजेंटों एवं पत्रकारों को प्रवेश देने के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। गेट नम्बर दो से निर्वाचन अधिकारी, मतगणना में तैनात दल के सदस्य तथा पत्रकारों को प्रवेश दिया जाएगा। गेट नम्बर तीन से विधानसभा क्षेत्र मनगवां, रीवा एवं गुढ़ के उम्मीदवारों तथा उनके मतगणना एजेंटों को प्रवेश मिलेगा। गेट नम्बर चार से विधानसभा क्षेत्र सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर, मऊगंज एवं देवतालाब के उम्मीदवारों तथा उनके मतगणना एजेंटों को प्रवेश दिया जाएगा। गेट नम्बर एक और गेट नम्बर पाँच बंद रहेंगे। अपर कलेक्टर ने बताया कि वाहनों की पार्किंग के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। मतगणना दल के सदस्यों, मतगणना के लिए तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों तथा पत्रकारों के वाहनों को निर्माणाधीन न्यायालय परिसर में पार्किंग की सुविधा दी गई है। सभी विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों तथा मतगणना एजेंटों के वाहनों की पार्किंग माडल स्कूल परिसर में निर्धारित की गई है। मतगणना दिवस में नीम चौराहे से स्टेडियम की ओर तथा स्टेडियम तिराहे से पालिटेक्निक कालेज के सामने तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। केवल वैध प्रवेश पत्रधारी के वाहन ही निर्धारित पार्किंग स्थल तक जाएंगे। इन मार्गों से गुजरने वाले व्यक्ति मतगणना दिवस में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। शहर से सिरमौर की ओर जाने वाले वाहन नीम चौराहे से अजगरहा होकर बाईपास मार्ग से इटौरा पहुंचेंगे। निराला नगर तथा यूनिवर्सिटी की ओर से आने वाले वाहन शिवनगर होकर शहर में प्रवेश करेंगे।

नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा घर घर जाकर चलाया गया मलासुर अभियान

रीवा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार आईईसी टीम द्वारा दिनांक 03.06.2024 को नगर निगम क्षेत्रांर्तगत वार्डो में घर-घर जाकर नागरिको को मलासुर गतिविधि के बारे में जानकारी दी गई। नागरिकों को बताया गया कि मलासुर आभियान का तात्पर्य सेप्टिक टैंक से है अपने सेप्टिक टैंक को हर 3 साल में अवश्य खाली करवाए साथ ही लोगों को सेप्टिक टैंक साफ करने के लिए टोल फ्री नम्बर 181 या 14420 के बारे में भी बताया गया, इन टोल फ्री नम्बर में कॉल कर अपने सेप्टिक टैंक को आसानी से साफ करवाया जा सकता है एवं नागरिको को यह भी

बताया गया कि नगर निगम के जो रजिस्टर्ड सफाई कर्मी है उन्हीं से सफाई करवाए। लोग अपने घरों के आस पास सफाई रखते है लेकिन सेप्टिक टैंक की सफाई को ध्यान नही देते जिस कारण से पूरे सेप्टिक टैंक का पानी नालियों के माध्यम से हमारे जलाशयों में मिलकर पीने योग्य पानी को दूषित करता है और हमें बीमारियों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घर घर जाकर सेप्टिक टैंक समय से खाली करवाने के लिए अभियान चलाया गया। हम सभी नगरवासियों के प्रयास से ही रीवा शहर को स्वच्छ, समृद्ध एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है।

मतगणना के बाद सुरक्षित रखी जाएंगी ईव्हीएम

रीवा। लोकसभा निर्वाचन की मतगणना 4 जून को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में होगी। मतगणना पूरी होने के बाद ईव्हीएम मशीनें तथा मतदान सामग्री की सीलिंग की जाएगी। इसके लिए इंजीनियरिंग कालेज में पृथक से कक्ष बनाकर अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए हैं। सीलिंग के बाद ईव्हीएम मशीनें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ईव्हीएम वेयर हाउस में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम मंय सुरक्षित रखी जाएंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने उम्मीदवारों तथा उनके प्रतिनिधियों से इस मौके पर स्ट्रांग रूम में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर ननि द्वारा की गई कार्यवाही

रीवा

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 03.06.2024 को वार्ड क्र. 27 जवाहर नगर में अवैध निर्माण कराया जा रहा था जिसकी सूचना मिलते है तत्काल अतिक्रमण प्रभारी श्री रावेन्द्र शुक्ला द्वारा दल के साथ मौके में पहुँच कर निर्माण कार्य रोकवाया गया साथ ही अतिक्रमणकारियों चेतावनी दी गई कि इस तरह की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। साथ ही धोबिया टंकी से बिछिया हास्पिटल तक एवं अस्पताल चौराहा से अमहिया रोड, सिरमौर चौराहा तक सड़क पटरी पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को खाली कराया गया एवं समझाइस दी गई कि दुबारा पाये जाने पर चालानी कार्यवाही के साथ ही जप्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

मतगणना में सहयोग के लिए मास्टर ट्रेनर तैनात

रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में आरंभ होगी। मतगणना में सहयोग तथा ईव्हीएम में किसी भी तरह की कठिनाई को दूर करने के लिए मास्टर ट्रेनर तैनात किए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि मतगणना स्थल में नोडल अधिकारी ईव्हीएम आदित्य सिंह, सहायक नोडल फैजमोइन सिद्दीकी तथा शरदेन्दु सिंह को तैनात किया गया है। इसके साथ-साथ ईव्हीएम के मास्टर ट्रेनर नवीन कुमार झा, शरद कुमार द्विवेदी, अविनाश गौतम, राममणि मिश्रा, जीवेन्द्र सिंह, विजय सिंह बघेल तथा पवन पाण्डेय मऊगंज को भी तैनात किया गया है।

मतगणना स्थल में रहेगी उपचार की सुविधा

रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा क्षेत्र की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी। मतगणना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 जून को इंजीनियरिंग कालेज रीवा मंर होगी। मतगणना स्थल पर उपचार की समुचित व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में जिले पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि मतगणना स्थल पर प्रातः 5 बजे से मेडिकल टीम आवश्यक दवाओं के साथ तैनात हो जायेगी। टीम में चिकित्सक तथा अन्य चिकित्साकर्मी शामिल रहेंगे। मतगणना केन्द्र में दो बेडों का अस्थाई अस्पताल बनाया गया है। मतगणना स्थल में एम्बुलेंस भी तैनात रहेगी जिससे किसी भी प्रकार की आकस्मिक उपचार आवश्यकता होने पर पीड़ित को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मेडिकल टीम की आवश्यक उपकरणों तथा दवाओं के साथ तैनाती करें साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय से तैनात टीम के सदस्यों के पास प्राप्त कर उपलब्ध करायें जिससे उन्हें मतगणना केन्द्र परिसर में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

डाक मतपत्रों की गणना हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई

रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए प्राप्त डाक मतपत्रों की गणना 4 जून का शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने डाक मतपत्र गणना कक्ष में सहायक रिटर्निंग आफीसर के सहयोग हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये 5 से 16 जून तक चलेगा नमामि गंगे - सदानीरा अभियान

यह अभियान सिर्फ कार्य नहीं वरन सामाजिक योगदान है : कलेक्टर

रीवा

प्रदेश में जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं इनके पुनर्जीवन के लिये 5 जून से 16 जून तक विशेष नमामि गंगे - सदानीरा अभियान चलाया जायेगा। यह विशेष अभियान स्थानीय जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक व अशासकीय संस्थाओं एवं जन अभियान परिषद की सहभागिता से चलाया जायेगा। अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से प्रदेश भर में मौजूद जल स्त्रोतों के स्थायी संरक्षण के लिये विभिन्न गतिविधियाँ की जायेंगी। इस अभियान का समापन गंगा-दशहरा को 16 जून को होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन के लिए किये जाने वाले कार्यों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कार्य नहीं वरन सामाजिक योगदान है। सभी ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पूरी टीम भावना से जन सहयोग से जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य करायें।

कलेक्ट्रेट के मोहनसभागार में आयोजित तैयारी बैठक में कलेक्टर ने जनपदवार किये जाने वाले कार्यों की जानकारी ली तथा कहा कि पूर्व के कार्यों को अभियान चलाकर 15 जून तक पूर्ण करें तथा नवीन कार्यों को अभियान अवधि में पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के किये जाने वाले पौधारोपण में फलदार पौधों का रोपण भी करायें तथा स्वसहायता समूह के उपयोग में आने वाले

कलेक्टर ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की

फलदार वृक्ष लगवाये। उन्होंने प्रत्येक जनपद मंअ चयनित स्थलों में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए पूर्व से ही भूमि का चयन करें तथा पौधारोपण के उपरांत उनको जीवित रखने के सभी उपाय सुनिश्चित करायें।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि अभियान के तहत सभी शासकीय भवनों में वाटर हार्वेधस्टग के कार्य करायें तथा जल संरक्षण व संवर्धन के कार्यों में श्रमदान करायें। उन्होंने बताया कि 6 एवं 7 जून को विशेष ग्रामसभाओं में अभियान के लिए लोगों को जागरूक करते हुए इससे जोड़े। उन्होंने हैण्डपंप के पास सोकपिट बनाने तथा पूराने जल स्त्रोतों के सुधार के कार्य प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर बताया गया कि अभियान के तहत जिले में जल संक्षरण व संवर्धन के उद्देश्य से 167 नदी-नालों के कार्य, पूर्व निर्मित 82 जल भराव के कार्य, 147 चेकडैम जीर्णोद्धार के कार्य एवं 352 रेन हार्वेधस्टग सहित कुल 748 कार्य कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

अभियान के दौरान चयनित जल संरचनाओं के अतिरिक्त यदि कोई नदी, झील, तालाब, कुआं, बावड़ी उपलब्ध है, जिसके पुनर्जीवन/संरक्षण की जरूरत है, तो इनके उन्नयन कार्य स्थानीय सामाजिक एवं जनभागीदारी के माध्यम से कराये जायेगें। इस अभियान को जन अभियान बनाने तथा सभी का सहयोग लेकर किया जायेगा। जल संरचनाओं के किनारों पर अतिक्रमण को रोकने के लिये फेंसिंग के रूप में वृक्षारोपण किया जायेगा तथा इनके संरक्षण के लिये सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा। पुराने कुएं एवं बावड़ियों की साफ-सफाई/मरम्मत कार्य भी इसी अवधि में कराये जायेगें। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय सहित जनपदों के सीईओ, ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833